● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 95, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 11 मई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ






हर भारतीय सरकार के सामर्थ्य को कर रहा महसूस 5

विराट भी लेना चाहते है टेस्ट क्रिकेट से सन्यास 6

## भारत और पाक के बीच हो गया संघर्ष विराम

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम को संघर्ष विराम हो गया है। भारतीय सेना की ओर से दिए जा रहे मुंहतोड़ जवाब के चलते बैकफुट आए पाकिस्तान की पहल पर भारत संघर्ष विराम के लिए राजी हुआ है। दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष विराम की पुष्टि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने की है। विदेश सचिव की यह संक्षिप्त घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यह कहने के तुरंत बाद आई है। ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा था कि भारत और पाकिस्तान अमेरिका की मध्यस्थता में वार्ता के बाद पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) ने आज दोपहर 3ः35 बजे भारतीय डीजीएमओ को फोन किया। उनके बीच यह सहमति बनी कि दोनों पक्ष भारतीय मानक समयानुसार 1700 बजे से ज़मीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। आज दोनों पक्षों को इस सहमति को लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। सैन्य संचालन महानिदेशक 12 मई को 1200 बजे फिर से बात करेंगे। संघर्ष विराम की पुष्टि करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि भारत और पाकिस्तान के बीच आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी है। भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लगातार दृढ़ और अडिग रुख अपनाया है। वह ऐसा करना जारी रखेगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा कि, डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर लिखा कि रात में अमेरिका की मध्यस्थता में हुई लंबी बातचीत के बाद मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं! इस महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद!

इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तानी उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार के साथ अलग-अलग बात की थी। विदेश विभाग के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने शनिवार की सुबह एक बयान में यह जानकारी दी थी। दरअसल, 7 मई को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत के ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान की ओर से 15 भारतीय शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद दोनों के बीच तनाव काफी बढ़ गया था। ऐसे में रुबियो ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों पक्षों को तनाव कम करने और सीधा संवाद फिर से स्थापित करने के तरीकों को तलाशने की कोशिश करें। रुबियो ने चर्चाओं को सुविधाजनक बनाने में अमेरिकी समर्थन का प्रस्ताव दिया था। डार के साथ बातचीत में रुबियो ने दोहराया था कि दोनों पक्षों को मौजूदा स्थिति को कम करने के तरीके खोजने चाहिए। पाकिस्तान के विदेश मंत्री से बात करने से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर से भी बात की थी। रुबियो ने शहबाज शरीफ से भी बात की थी। इससे पहले शुक्रवार को व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को जितनी जल्दी हो सके कम होते देखना चाहते हैं।

### संघर्ष विराम के चार घंटे बाद एलओसी पर फायरिंग; श्रीनगर में धमाके

भारत पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष का आज चौथा दिन है। पाकिस्तान ने शुक्रवार को रात गहराते ही जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान से गुजरात तक के 26 इलाकों में फिर ड्रोन से हमला बोला। इसे भारतीय सैन्य बलों ने नाकाम कर दिया। पाकिस्तान बैकफुट पर आया। भारत ने शाम पांच बजे से संघर्षविराम का एलान किया। रात नौ बजे पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर फायरिंग हुई। श्रीनगर में धमाके सुने गए और उधमपुर में पाकिस्तानी ड्रोन नजर आए।

## तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना पूरे विश्व में भूजल भंडारण का नया अध्याय लिखेगी : डॉ. यादव




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि फ़तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजनाफ़ विश्व की सबसे बड़ी ग्राउंडवॉटर रीचार्ज परियोजना है। यह एक अनूठी परियोजना है जो पूरे विश्व में भूजल पुनर्भरण का नया अध्याय लिखेगी। इससे प्रदेश के बड़े क्षेत्र विशेष रूप से निमाड़ का भूजल स्तर बढ़ेगा और यह वहां के लिए जीवन दायिनी सिद्ध होगी। इससे मध्य प्रदेश के लगभग 01 लाख 23 हजार तथा महाराष्ट्र के 2 लाख 37 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा विकसित होगी। यह सौभाग्य का विषय है कि आज महाराष्ट्र सरकार के साथ इस परियोजना के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। दशकों से रूकी पड़ी मेगा रिचार्ज योजना की दिशा में हम आगे बढ़े हैं। पहले भी केन-बेतवा तथा पार्वती काली सिंध चंबल परियोजनाओं की दशकों से अटकी परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। एमओयू के उपरांत दोनों राज्य सरकारें भारत सरकार को ताप्ती मेगा रिचार्ज योजना को अंतर्राज्यीय राष्ट्रीय सिंचाई परियोजना की स्वीकृति के लिए अनुरोध करेंगी।

कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना के एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए। इसके पहले मंत्रालय वल्लभ भवन में मध्यप्रदेश महाराष्ट्र अंतरराज्यीय नियंत्रण मंडल की 28वीं बैठक में ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना सहित दोनों राज्यों की अन्य सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में चर्चा हुई और निर्णय लिए गए। कार्यक्रम में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महाराष्ट्र के जल संसाधन मंत्री श्री गिरीश महाजन, जनजातीय कल्याण मंत्री श्री कुंवर विजय शाह, सांसद श्री वी.डी. शर्मा, पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जल संसाधन विभाग डॉ. राजेश राजौरा तथा महाराष्ट्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## भविष्य में उकसावे पर होगी निर्णायक कार्यवाही : सेना



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कैसे हुआ, आज भारतीय सेना के शीर्ष सैन्य अधिकारियों में शुमार कॉमोडोर रघु नायर, कर्नल शोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने पाकिस्तानी मीडिया, सरकार और सेना की तरफ से लगातार फैलाए जा रहे झूठ की पोल भी खोली। कमोडोर रघु नायर ने कहा, जैसा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया, समुद्र, हवा और जमीन पर सभी सैन्य गतिविधियों को रोकने के लिए पाकिस्तान और भारत दोनों सहमति हो गए हैं। भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना को इस सहमति का पालन करने का निर्देश दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीजफायर पर बनी सहमति को लेकर रघु नायर ने स्पष्ट किया, भारत की थल सेना, वायुसेना और नौसेना पूरी तरह मुस्तैद है। आज बनी सहमति के तहत सेना धैर्य का परिचय देगी। हालांकि, मातृभूमि की रक्षा और भारत की संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने के लिए सेना प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से किसी भी दुस्साहस का पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। उन्होंने देश की सख्त नीति और निर्णय का संकेत भी दिया। कोमोडोर रघु ने कहा, %भविष्य में उकसावे की किसी भी कार्रवाई का निर्णायक जवाब दिया जाएगा। सेना भारत की हिफाजत के लिए किसी भी ऑपरेशन को लॉन्च करने के लिए हर समय तैयार है। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद कर्नल सोफिया पिछले तीन दिनों से भारतीय सेना की कार्रवाई की जानकारी दे रही थीं। आज चौथे दिन भी कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि भारतीय सेना पूरी तरह से सतर्क है।

### पाकिस्तान में भारत ने पांच खूंखार आतंकियों को मिट्टी में मिलाया

**नई दिल्ली।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में स्थित नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। अब खबर आ रही है कि इसमें भारतीय सशस्त्र बलों ने पांच खूंखार आतंकियों को ढेर कर दिया था। जिन आतंकियों की सूची समने आई है, उसमें मसूद अजहर का बहनोई और उसके बीवी का भाई भी शामिल है। वह आईसी-814 अपहरण मामले में वांछित था।

## भविष्य में किसी भी आतंकवादी कृत्य को युद्ध की कार्रवाई मानेगा भारत



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ लगातार बढ़ रहे तनाव के बीच भारत सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया है कि देश में भविष्य में किसी भी आतंकवादी कृत्य को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। सरकारी सूत्र ने बताया कि भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि भावी आतंकी वारदातों को युद्ध छेड़ने का प्रयास मानते हुए उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा। बता दें कि भारत इससे पहले भी स्पष्ट संकेत दे चुका है कि वह किसी भी आक्रामक गतिविधि या युद्ध जैसे हालात का सामना करने को तैयार है। दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर के अगले दिन यानी 8 मई की शाम मीडिया के सामने आईं महिला सैन्य अधिकारी- कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका युद्ध वर्दी में नजर आई थीं। इसके बाद पीएम मोदी के साथ बैठकों में शीर्ष सैन्य अधिकारी- सेना प्रमुख भी कॉम्बैट यूनिफॉर्म में देखे गए। बता दें कि विगत 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी वारदात के बाद आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के लिए भारतीय सेना ने बीते सात मई को पाकिस्तानी कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक कार्रवाई की। ऑपरेशन सिंदूर के तहत इस कार्रवाई के बाद तिलमिलाया पाकिस्तान लगातार भारत को उकसाने के प्रयास कर रहा है। आतंकवादियों के खिलाफ भारत की सीमित और नियंत्रित कार्रवाई को पड़ोसी देश ने एक्ट ऑफ वॉर बताया। बीते तीन-चार दिन से पाकिस्तान ड्रोन और मिसाइलों से भारत की सीमाओं को अशांत करने की हिमाकत कर रहा है। ऐसी हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत ने अब तक संयम दिखाया है।

### मुख्यमंत्री ने शौर्य स्मारक पहुंचकर किया शहीदों को नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार की शाम भोपाल के शौर्य स्मारक पहुंचकर शहीदों को नमन किया। उन्होंने शौर्य स्मारक परिसर में स्थित भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक श्री भगवान दास सबनानी के अलावा श्री राहुल कोठारी, श्री आशीष अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सफलता के लिए समस्त राष्ट्रवासियों को बधाई दी।

## यूक्रेन 30 दिवसीय युद्ध विराम के लिए तैयार

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग थमने के आसार हैं। यूक्रेन और उसके सहयोगी 30 दिवसीय पूर्ण और बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने बताया कि यह युद्ध विराम सोमवार से शुरू होगा। यूक्रेनी विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन और उसके सहयोगी सोमवार से कम से कम 30 दिनों के लिए रूस के साथ पूर्ण, बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हैं। शनिवार को चार देशों फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी और पोलैंड के नेता यूक्रेन पहुंचे थे। इसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर शामिल रहे। सभी ने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात कर रूस पर दबाव बढ़ाने और युद्ध रोकने की कोशिशों पर चर्चा की।

## आज पूरी तरह बदल गई रामनगरी : योगी



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। उन्होंने रामलला और हनुमानगढ़ी जाकर दर्शन किए। इसके बाद हनुमान कुंड रविदास मंदिर भी पहुंचे। यहां संत रविदास और भगवान बुद्ध के साथ आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पार्पित किए। इस मौके पर मंदिर के महंत बनवारी दास ने स्मृति चिन्ह देकर सीएम का स्वागत किया।

सीएम योगी ने एक करोड़ 15 लाख की लागत से निर्मित सत्संग भवन को जनता को समर्पित किया। 37 जातीय मंदिरों के श्रीमहंतों से भी मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी, तो उन्हें अयोध्या के विकास की फुर्सत नहीं थी। सपा शासन में यहां एयर कनेक्टिविटी का कोई नामोनिशान नहीं था। रेलवे की सिंगल लाइन थी। बसों की सुविधा नहीं थी। सीएम योगी आगे ने कहा कि अयोध्या में आज सब कुछ बदल गया है। आज यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर का बस स्टेशन है। फोर लेन और सिक्स लेन की कनेक्टिविटी है। पहले लोग पूछते थे अयोध्या कहां है? आज देश ही नहीं दुनिया को भी यहां का पता पूछने की जरूरत नहीं है।

अपने संबोधन में सीएम ने आगे कहा कि जिस तरह रविदास मंदिर का विकास कराया गया है। इसी तर्ज पर वाल्मीकि और पासी समेत अन्य जातीय और समाज के मंदिरों का स्वरूप भी बदला जा रहा है। सुंदरीकरण करके वहां पर जन सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। संत रविदास के चरणों में नमन करते हुए सीएम ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता सबको जोड़कर आगे बढ़ाने की है। हर समाज की एकजुटता जरूरी है। सभी समाज के महापुरुषों के योगदान के प्रति सरकार कृतज्ञता ज्ञापित कर रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया। राम मंदिर निर्माण की प्रगति से भी रूबरू हुए।

## दिल्ली विधानसभा में आप पेश करेगी दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव

**दिल्ली।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर एक अहम जानकारी साझा की है। आतिशी ने एक्स पर लिखा कि 13 मई से शुरू हो रहे दिल्ली विधानसभा के सत्र में आप विधायक दल दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव ला रहा है। आगे लिखा कि पहला निंदा प्रस्ताव है। जिसमें हम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हम चाहते है कि मानवता के खिलाफ हुए इस हमले की दिल्ली विधानसभा कड़े शब्दों में निंदा करे।

आतिशी ने आगे लिखा कि दूसरा धन्यवाद प्रस्ताव है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद और उसके समर्थकों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा छेड़ी गई मुहिम के सम्मान में लाया जा रहा है। हम भारतीय सेना के साहस और उनके परिवारों के त्याग को नमन करते हुए दिल्ली विधानसभा से उन्हें धन्यवाद देन

### दिल्ली में मौसम ने ली करवट, कई इलाकों में झमाझम बारिश

**नई दिल्ली।** शनिवार दोपहर को दिल्ली के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है। बारिश के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया। सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे और दोपहर में बारिश हो गई। बारिश के चलते सड़कों पर जलभराव और ट्रैफिक जाम की समस्या भी देखने को मिल रही हैं। मौसम विभाग ने आज से 13 मई तक पूर्वोत्तर में भारी बारिश, गरज और बिजली गिरने की भी चेतावनी दी है। विभाग ने कहा कि 11-12 मई के दौरान ऊपरी हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अलग-अलग इलाकों, 10-14 मई के दौरान पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों, 11-14 मई के दौरान बिहार और ओडिशा, 12-12 मई के दौरान झारखंड और 14-15 मई को पूर्वी उत्तर प्रदेश में लू चलने की संभावना है।

## इस साल चार दिन पहले केरल में दस्तक दे सकता है मानसून

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि दक्षिण पश्चिमी मानसून 27 मई को केरल पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून तक केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसके जल्दी केरल पहुंचने की उम्मीद है। अगर मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक दे देता है तो यह साल 2009 के बाद से सबसे जल्दी मानसून का आगमन होगा। साल 2009 में मानसून ने केरल में 23 मई को दस्तक दे दी थी।

बीते साल मानसून ने केरल में 30 मई को दस्तक दी थी। वहीं साल 2023 में 8 जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में 3 जून को और साल 2020 में 1 जून को मानसून केरल पहुंचा था। आमतौर पर दक्षिण पश्चिम मानसून एक जून को केरल पहुंचकर 8 जुलाई तक पूरे भारत को कवर कर लेता है। 17 सितंबर से मानसून भारत के उत्तर पश्चिमी इलाकों से पीछे हटना शुरू हो जाता है और 15 अक्तूबर तक पूरी तरह से विदा हो जाता है। मौसम विभाग ने अपने अप्रैल महीने के अनुमान में साल 2025 में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद जताई है। इससे अल-नीनो के असर को नकारा जा रहा है, क्योंकि अल नीनो के असर से सामान्य से कम बारिश होती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने बताया कि भारत में इस साल चार महीने के मानसून के मौसम में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद है।

## राज्य को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए बाध्य नहीं कर सकते : सुको



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 द्वारा प्रस्तावित तीन-भाषा फॉर्मूले को तमिलनाडु, केरल और बंगाल में लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका पर विचार करने से इन्कार करते हुए कहा कि अदालत किसी राज्य को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी नीति अपनाने के लिए सीधे तौर पर बाध्य नहीं कर सकती।

हालांकि, अगर राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित राज्य की कार्रवाई या निष्क्रियता किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है तो अदालत हस्तक्षेप कर सकती है। हम इस रिट याचिका में इस मुद्दे की जांच करने का प्रस्ताव नहीं रखते हैं। यह याचिका भाजपा के वकील जीएस मणि ने दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि केंद्र सरकार की राष्ट्रीय शैक्षिक नीति को लागू करने या समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से राज्य सरकार का इन्कार जनहित को नुकसान पहुंचा सकती है या नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन कर सकती है।

याचिका में राज्य सरकारों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने और एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी, जिसमें मौलिक लोक कल्याण और शिक्षा के अधिकार, सांविधानिक अधिकार, या सरकारी दायित्वों को नजरअंदाज किया जा रहा है या उनका उल्लंघन किया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने देश में पांच वर्षीय विधि पाठ्यक्रमों की समीक्षा के लिए विधि शिक्षा आयोग या विशेषज्ञ समिति के गठन के अनुरोध से संबंधित जनहित याचिका को लंबित याचिका के साथ जोड़ने का आदेश दिया। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने नोटिस जारी करने से इन्कार करते हुए एक याचिका के साथ सुनवाई पर सहमति जताई। पीठ ने कहा हम इस याचिका को दूसरी याचिका से जोड़ेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के मामले में मृतक पिता के बेटे समेत 87 में से 71 गवाहों के मुकर जाने पर छह हत्यारोपियों को बरी कर दिया। शीर्ष अदालत कर्नाटक हाईकोर्ट के 27 सितंबर, 2023 के आदेश को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए इस मामले में छह आरोपियों को दोषी ठहराया था।

जस्टिस सुधांशु धूलिया व जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने 49 पन्नों के फैसले में कहा, अनसुलझे अपराध के लिए भारी मन से, लेकिन आरोपियों के खिलाफ सबूतों की कमी के मुद्दे पर संदेह नहीं होने के कारण, हम आरोपियों को बरी करते हैं। हम हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए ट्रायल कोर्ट के निर्णय को बहाल करते हैं। पीठ ने गवाहों के मुकर जाने और अति उत्साही जांच पर अफसोस जताया। पीठ ने कहा कि जांच में आपराधिक कानून के बुनियादी सिद्धांतों की पूरी तरह अनदेखी की गई। ऐसी अनदेखी अक्सर मजाक बनकर रह जाता है।

# नागरिको को दी जाने वाली 12 सेवाओं के तैयारियो की कलेक्टर ने की समीक्षा

## आपातकालीन स्थिति में नागरिक सुरक्षा सदस्य के माध्यम से की जायेगी जनभागीदारी सुनिश्चित

**सिंगरौली।** राष्ट्रीय सुरक्षा नागरिक अभियान के तहत नागरिक को 12 सेवाओं के तहत नागरिक सुरक्षा के संबंध में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री शुक्ला ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये सभी चिकित्सालयों से समन्वय बनाकर आपतकालीन चिकित्सा व्यवस्था को सुनिश्चित करे। चिकित्सालयो में कैजुअल्टी बेड, इमरजेंसी बेड आरक्षित रखे। चिकित्सालयो में आवश्यक दवाई, ब्लड का भण्डारण करने के साथ ही अक्सीजन सप्लाई की व्यवस्था बनाये रखे। सभी चिकित्सलयों में पावर बैकअप के लिए जनरेट की व्यवस्था रहे इसकी जॉच कराले। अनिवार्य रूप



से इमरजेंसी किट एवं फयर एक्टीयूसर सभी वार्डो में उपलंब्ध हो यह भी सुनिश्चित करे।

बैठक में कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि पेयजल व्यवस्था की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करे। फायर ब्रिगेड हर समय तैयार रहे इसके लिए फायर कर्मचारियों की सिफ्ट वाईज ड्युटी लगाकर उनकी तैनाती करे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के दूरस्थ स्थलो मे आवश्यकता पड़ने पर फायर ब्रिगेड भेजा जायेगी इसकी तैयारी बनाकर रखे। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि आपतकालीन स्थिति के लिए रिजर्व परिहवन व्यवस्था बनाकर रखे। जिले में आने जाने वाले वाहनो की लगातार जॉच करते रहे बिना नम्बर प्लेट, रजिस्ट्रेसन के जिले मे प्रवेश करने वाले वाहनो की सूचना से कन्ट्रोल रूम को तत्काल अवगत कराए.बैठक में कलेक्टर ने अधीक्षण अभियता विद्युत को निर्देश दिए कि ब्लैक आउट प्रोटोकाल का पालन करने के लिए मॉकड्रील का आयोजन करे। मॉक ड्रिल में सभी सबस्टेसनो मे तैनात अधिकारी कर्मचारियों को भी शामिल करे। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिले में संचालित समस्त गैस एजेन्सियो में पयाप्त मात्रा में सिलेन्डर उपलंब्ध रहे। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयो में पढ़ने वाले छात्रो के लिए भारत सरकार द्वारा जारी वीडियो के माध्यम से आपकालीन स्थित में बचाव संबंधी जानकारी दे एवं माकड्रील कराए।

नगरीय क्षेत्र के समस्त वार्डो तथा पंचायतो में नागरिक सुरक्षा सदस्य के रूप में भर्तिया की जाये। भर्तियो में सेवा निवृत्त सैनिको, एनसीसी, एनएसएस के कैडेट्स एवं प्रावईवेट सुरक्षा एजेंसियो के कर्मियो को प्राथमिकता दी जाये। उन्होने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि पंचायतो में दो तथा नगरीय क्षेत्र के वार्डो 5 कर्मियो की भर्ती की जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुये निर्देश दिए गए कि सभी भीड़ भाड़ वाली जगहो संस्थानो की निगरानी के लिए सीसीटीव्ही कैमरे लगाए जाये। सोसल मीडिया मानीटरिंग सेल के माध्यम से सोसल मीडिया पर 24 घण्टे नजर रखी जाये। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन, एसडीएम सृजन बर्मा, आयुक्त नगर निगम डी.के शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सौरभ मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एनके जैन, अधीक्षण यंत्री विद्युत, जिला शिक्षा एसबी सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी पीसी चन्द्रवंशी, जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर सहित संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले मे चल रहा देशी-विदेशी शराब के गावों मे मयखाना

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय बैढ़न के समीपी नवानगर क्षेत्र में स्थित कंपोजिट शराब दुकान नवानगर क्रमांक 2 से शाम ढलते ही मोटरसाइकिल के सहारे कार्टून में शराब ले जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियों में दो युवक बाइक पर बैठे हैं, तो वहीं एक युवक शराब दुकान से एक कार्टून में शराब भरकर बाइक पर रखते हुए नजर आ रहा है।



सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद यह साबित हो गया कि नवानगर क्षेत्र में अवैध पैकारी संचालित है। हालांकि वायरल वीडियों की पुष्टि समाचार पत्र नही करता है। गौरतलब है कि नवानगर क्रमांक 2 बाइक से शराब ले जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। यह दुकान ओम साइन राम ग्रुप द्वारा संचालित की जा रही है। इस दुकान से व्यापक पैमाने पर पैकारी कराई जा रही है। इसका मैनेजर और सेल्स मैनेजर पर पैकारी का पूरा दारोमदार है। इनके द्वारा ही आसपास के क्षेत्रों में शराब दुकान से शराब की पेटियां पैकारी के रूप में सप्लाई की जाती है। इधर जानकारों का कहना है पैकारी के कारोबार में आबकारी अधिकारी का पूरा हाथ है और उनके संरक्षण में पूरे क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार जोरों से चलाया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में बेखौफ यह कारोबार चल रहा है। हालांकि आबकारी विभाग खुद को ईमानदार दिखाने के लिए दबिश दी जाती है, लेकिन छोटे प्यादों को पकड़ कर कार्रवाई वहीं तक सीमित कर दी जाती है। न तो इस जांच को आगे बढ़ा कर कोई बड़ा इन्वेस्टिगेशन किया जाता। जिससे बड़े सप्लायर को पकड़ा जा सके। यही वजह है कि जिले के बेखौफ कारोबार शराब का फलफूल रहा है।

सोशल मीडिया में वायरल वीडियो से एक बात तो साबित हो गया कि शहर और ग्रामीण इलाकों में बेखौफ पैकारी हो रही है। सूत्रों का दावा है कि शराब के खेल में आबकारी अधिकारी की अहम भूमिका रहती है। इन दुकानों में आज तक शराब लिस्ट नहीं लगाई गई है। जिससे माफिया प्रति बोतल 30 से 50 रुपए तक अधिक दाम में बेच रहे हैं। शहर की एक भी दुकान में शराब लिस्ट नहीं लगाई गई है और ना ही किसी ग्राहक को बिल दिया जाता। सूत्रों की माने तो आबकारी अधिकारी प्रतिमाह कई लाख रूपए की वसूली कर रहे हैं।

# तेज गति से चल रहा जल गंगा संवर्धन अभियान

## बूंद बूंद जल का संचय करने हेतु दायित्व निभाएं ग्रामवासी : कार्यक्रम समन्वयक



**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अध्यक्ष डॉ मोहन यादव पदेन मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पूरे मध्यप्रदेश में 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।जल गंगा अभियान अपने कल के लिए आज से जल संरक्षण करने का एक अभिनव प्रयास है।जल संचयन संरचनाओं जिनमें तालाब,बावड़ियों,नदियों,की साफ-सफाई कर उसको स्वरूप दिया जा रहा है इसके साथ ही आम लोगों को रुप वाटर हार्वेस्टिंग, हैंड पम्पो के समीप सोकपीट आदि का निर्माण करनें हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है। जिले में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।जिसको दृष्टिगत रखते हुए 10 मई 2025 को देवसर विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत महुआ गांव में जल संरक्षण हेतु किसान फूल चंद साहू के भूमि में खेत तालाब निर्माण कार्य का आयोजन कराया गया। किसान के भूमि में खेत तालाब पूजन के दौरान जनपद सदस्य जगनरायण साहू,उपयंत्री शातीस पटेल,सरपंच बृजलाल प्रजापति, उप-सरपंच प्रतिनिधि अरुण कुमार साहू,सचिव राम उतार साहू,जन अभियान परिषद से नवांकुर संस्था राजा भैया बहुउद्देशीय विकास समिति निगरी कार्यक्रम समन्वयक शिवप्रसाद साहू,दयाशंकर साहू सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# सांसद के अध्यक्षता में सिविल डिफेंस प्लान के संबंध में बैठक संपन्न

**सिंगरौली।** सीधी सिंगरौली सांसद राजेश मिश्र की अध्यक्षता में एवं सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह देवसर विधानसभा के विधायक राजेंद्र मेश्राम की उपस्थिति में जिले के संवेदनशील संस्थान एवं स्थलों के सुरक्षा योजना के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा औद्योगिक केन्द्रों एनटीपीसी विन्ध्यनगर, एस्सार (महान अडानी) बन्धौरा, जेपी पावर प्लांट निगरी. आईओसीएल जयंत, महान हिण्डालको पॉवर एवं स्टील प्लांट, एनसीएल सिंगरौली, त्रिमुला इन्डस्ट्रीज लिमिटेड गॉदवाली, सासन अल्ट्रा मेगा पावर प्लांट आदि प्रमुख संवेदनशील क्षेत्रो के



साथ ही रेल्वे स्टेशन, अस्पताल, बाजार और सिंगरौलिया हवाई पट्टी सुरक्षा योजना के संबंध में जानकारी लेने के पश्चात सांसद श्री मिश्रा ने निर्देश दिए की संवेदनशील संस्थाओं एवं स्थान स्थलों के निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से कंट्रोल रूम स्थापित कर निरंतर निगरानी रखी जाए ।जिसकी जानकारी नियमित रूप से सब डिवीजन लेवल पर प्रशासन को दी जायें । सांसद श्री मिश्र ने निर्देश दिए की साइबर सुरक्षा सिस्टम को और बेहतर किया जाए सोशल मीडिया पर चलने वाली भ्रामक खबरे की निगरानी हेतु सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल की स्थापना कर इस पर भी सतत रूप से निगरानी रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए की अत्यंत महत्वपूर्ण सेवाएं जैसे फायर ब्रिगेड एंबुलेंस ब्लड बैंक एवं अस्पतालों की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर लिया जाए साथ ही जिले में स्थित अस्पतालों में क्रिटिकल यूनिट एवं इमरजेंसी वार्डो की जांच कर उनमें व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर ले। सभी अस्पतालों में आवश्यक दवाइयां एवं ऑक्सीजन सप्लाई उपलब्ध हो यह भी सुनिश्चित करें । उन्होंने संवेदनशील संस्थानो एवं स्थलों में संदिग्ध व्यक्तियों के आवागमन के खतरे को मद्देनजर रखते हुए निर्देश दिए की भीड़भाड़ वाले इलाकों में कड़ी निगरानी रखी जाए साथ ही जिले के सभी एंट्री पॉइंट पर चेक पोस्ट स्थापित कर जिले में आने जाने वाले बाहरी व्यक्ति की जॉच किया जाना सुनिश्चित किया जायें।सांसद श्री मिश्र ने निर्देश दिए कि सभी पेट्रोल पंपों को निर्देश जारी करें कि कोई भी पेट्रोल पम्प से खुले पेट्रोल की बिक्री ना हो। इसके साथ ही जिले में आने-जाने वाले वाहनो पर भी निगरानी रखें कोई भी बिना जॉच जिले में प्रवेश नही करे। बैठक में रिहद डैम आदि ऊर्जा उत्पादन डिस्ट्रीब्यूशन क्षेत्रो को भी संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल किया जायें ।बैठक के अंत में समिति द्वारा सिंगरौली महोत्सव को आगामी सूचना तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया बैठक के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर दुधमनिंया में 14 ब्राम्हण बटुको का उपनयन एवं 1 कन्या विवाह हुआ संपन्न

**सिंगरौली।** जिले के श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर सत्संग नगर दुधमनिय में 9 मई 2025 को मंदिर समिति के संस्थापक गुंजारी लाल तिवारी के नेतृत्व में मंदिर समिति के द्वारा 14 ब्राम्हण बटुंको का उपनयन संस्कार एवं 1 कन्या का विवाह संपत्र कराया गया मंदिर के संस्थापक गुंजारी लाल तिवारी के द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 108 सामूहिक प्रबंध एवं 11 कन्या विवाह का लक्ष्य रखा था जिसको लेकर कई समाचार पत्रों के माध्यम से लोगों को जानकारी दी गई थी लेकिन लक्ष्य के हिसाब से कम लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया गुंजारी लाल तिवारी ने बताया कि कई विद्वान पंडितो द्वारा वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ सामूहिक प्रबंध एवं कन्या विवाह संपन्न कराया गया श्री तिवारी ने बताया कि सारी व्यवस्थाएं मंदिर समिति के द्वारा की गई थी बताया गया कि इस वर्ष जानकारी देने में लेट होने की वजह से संख्या पर्याप्त नहीं हो पाई है अगले वर्ष दो माह पूर्व ही लोगों को रजिस्ट्रेशन कराने की जानकारी दे दी जाएगी ताकि अधिक से अधिक लोगों का व्रतबंध एवं सामूहिक विवाह मंदिर समिति के द्वारा कराया जा सके।

# ढोढ़ी टोला के गहिडार नाला में हुआ बोरी बंधान

**सिंगरौली।** डॉ मोहन यादव पदेन मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पूरे मध्यप्रदेश में 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। आज इसी कड़ी में ग्राम पंचायत ढोढ़ीटोला में ग्राम गहिडार नाला में बोरी बंधान का कार्य किया गया। साथ ही जल संरक्षण हेतु शपथ, जन जागरुकता चौपाल, गोष्ठी बैठक तथा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें अनिल कुमार शाह अनुज प्रताप सिंह, ग्राम पंचायत के सचिव अन्नेलाल साकेत रोजगार सहायक दिनेश कुमार साकेत नवांकुर संस्था पिछड़ा वर्ग विश्वकर्मा समाज कल्याण संगठन समिति से कार्यक्रम समन्वयक जग प्रसाद विश्वकर्मा, गांव के वरिष्ठ जन रामसेवक विश्वकर्मा, सूरुजमन विश्वकर्मा,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती इंदु शाह, श्रीमती मंजूलता सिंह,एवं कई अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत में हुआ 804 प्रकरणों का निराकरण

**सिंगरौली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश हितेंद्र सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन आज 10 मई को वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय बैढ़न ,सिविल न्यायालय देवसर तथा सरई में किया गया। जिले में नेशनल लोक अदालत में 804




प्रकरणों का निराकरण किया गया । शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सिसौदिया, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र देव पांडेय द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण कर किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, जिला न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# क्षत्रिय कुलावंत परिवार ने शांतिपूर्ण रूप में मनाया महाराणा प्रताप जयंती

**सिंगरौली।** 9 मई को क्षत्रिय कुलावंत परिवार द्वारा महाराणा प्रताप उद्यान, बैढ़न में महाराणा प्रताप जी को माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। विगत दिवस पहले ही क्षत्रिय कुलावंत ने महाराणा प्रताप जयंती पर तहसील माड़ा से महाराणा प्रताप उद्यान,बैढ़न तक विशाल शौर्य यात्रा (रैली) का आवाहन किया था। जैसा कि वर्तमान में देश में तनावपूर्ण स्थिति एवं युद्ध का माहौल निर्मित है जिस कारण बहुत सारे सामाजिक/राजनीतिक संगठनों ने अपने कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया चूंकि विशाल शोभा यात्रा की रूपरेखा पहले से तैयार की गई थी इसलिए रात्रि 8 मई को तत्काल वरिष्ठजनों द्वारा बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन ने कार्यक्रम का स्वरूप बहुत छोटा रहेगा और माड़ा से बैढ़न तक कम से कम संख्या में गाड़ियों व दो पहिया वाहनों का काफिला लेकर देशभक्ति गानों के साथ देश के वीर जवानों के प्रति समर्पण का भाव रखते हुए एक छोटी सी शोभायात्रा निकालकर जिसमें अनामिका रजक, खुटार नामक छात्रा विज़न पब्लिक स्कूल खुटार को भारत माता का रूप देकर यात्रा को सफल बनाया गया द्य संस्था प्रमुख अंकित सिंह ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य न केवल देश के वीर जवानों का हौसला अफजाई करना था बल्कि आज की युवा पीढ़ी को यह संदेश भिंडना था कि इतिहास में महाराणा प्रताप कितने प्रतापी और महान योद्धा थे। देश के एक आवाहन पर क्षत्रिय कुलावंत परिवार का प्रत्येक सदस्य अपने वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा में मिलाकर दुश्मनों को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए प्रथम पंक्ति में खड़ा रहेगा द्यकार्यक्रम स्थल में महाराणा प्रताप उद्यान में सभी वरिष्ठजनों ने महाराणा प्रताप जी के सामान्य में अपने विचारों को सभी के समक्ष प्रकट किया द्य इस कार्यक्रम को सफल बनाने के मुख्य रूप से संगठन के प्रमुख अंकित सिंह, दशरथ सिंह भाटी, बृजभूषण सिंह, सतेंद्र सिंह,अवध सिंह, मिथलेश सिंह, निलेश सिंह, गौरव सिंह, भगत सिंह, विकेश सिंह, विक्की सिंह, सूर्यांश सिंह, रियफ सिंह, विनीत सिंह, अनुराग सिंह,अंशु सिंह एवं संगठन के अन्य साथियों द्वारा माड़ा क्षेत्र के प्रत्येक गांव जाकर आमंत्रित कार्यक्रम को सफल बनाने का निवेदन किया गया द्ययह कार्यक्रम क्षत्रिय कुलावंत के तत्वाधान में किया गया, कार्यक्रम की अगुवाई बृजभूषण सिंह और मंच का संचालन दशरथ सिंह भाटी द्वारा किया गया।

# टाइम कीपर से बने उपयंत्री ने सड़क में दफन कर दी करोड़ों की सीवर लाइन

## विकास और विनाश से पार्षद का नहीं है कोई सरोकार, वार्ड 31 से जुड़ा है मामला

**सिंगरौली।** नगर निगम में टाइम कीपर से उपयंत्री बने एक कर्मचारी ने कायाकल्प 2.0 के तहत बनी सड़क के नीचे करोड़ों रुपए की सीवर लाइन को दफन कर दिया। सीवर लाइन के ढक्कन सड़क पर कहीं दिखाई नहीं दे रहे। ऐसे में उपयंत्री की योग्यता पर सवाल खड़े होने लगे हैं। वहीं नगर निगम में बेतरतीब तरीके से हो रहे गुणवत्ता विहीन सीवरेज लाइन में सरकारी पैसों का दुरुपयोग हो रहा है।

बता दे कि शहर का व्यवस्थित तरीके से विकास हो इसके लिए पहले टाउन एंड कंट्री के तहत प्लान तैयार होते हैं तो वहीं सिविल इंजीनियरों से निर्माण कार्यों को कराया जाता है ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कोई




कमी ना आए। लेकिन नगर निगम में टाइम कीपर को उपयंत्री बना दिया गया लेकिन उनकी काबिलियत किसी ने नहीं देखी। शायद वह डिग्री ले लिए हो और प्रमोशन पा लिए हो लेकिन उनके द्वारा कराए गए सड़क निर्माण कार्य उनकी योग्यता पर सवाल जरूर खड़े कर रहे हैं। सरकारी पैसे का दुरुपयोग ना हो इसकी जिम्मेदारी पार्षदों की भी होती है। संभवत यदि पार्षद मौके पर पहुंचे होते तो इतनी बड़ी चूक नहीं होती। चर्चा है कि कंपनी अपने फायदे के लिए सीवर लाइन का एलाइनमेंट बदल दे रहा है। वजह एनसीएल ग्राउंड के बगल में पाइप निर्माण करने के बाद उसे कोई मेंटेनेंस नहीं करना पड़ेगा। बताया जा रहा है कि सीवर लाइन ठेकेदार से अधिकारी खौफ खाते हैं संभवत इसीलिए उसके निर्माण कार्य पर कोई अधिकारी मौजूद नहीं रहते।

### पार्षद अपनी जिम्मेदारियां का नहीं करते निर्वहन

चुनाव के समय तो पार्षद मतदाताओं को अपनी ओर करने के लिए वह सारे हथकंडे अपनाते हैं जो निर्वाचन आयोग और सामाजिकता के दायरे में नहीं आता। इसके अलावा वह मतदाताओं से वार्डों के विकास के लिए वादा करते हैं। लेकिन जीतने के बाद उन्हें वार्ड के विकास से कम ही लेना देना रहता है। कुछ पार्षद अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ठीक से नहीं कर रहे है। पार्षद, जो कि नगर निगम के सदस्य होते हैं, उनकी कई जिम्मेदारियां होती हैं, जिनमें वार्ड में विकास संबंधी योजनाएं बनाना, स्थानीय समस्याओं को सुलझाना, और जनता की समस्याओं को सुनने और उन पर उचित कार्रवाई करना शामिल है।

### इनका कहना है

*सीवर लाइन गुणवत्ता विहीन बनाई गई थी, कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया था, नया ठेकेदार पूर्व में हुए काम के स्थान पर काम नहीं करेगा, अब स्थल परिवर्तन के बाद एनसीएल ग्राउंड के पाइपलाइन के किनारे नई पाइप सीवर लाइन बिछाई जाएगी।*

**भारतेंदु पांडे , पार्षद, वार्ड क्रमांक- 31**

*पूरे शहर में करोड़ों रुपये की लागत से गुणवत्ता विहीन सीवर लाइन का काम किया जा रहा है, निर्माण कार्य पर निगम का कोई सिविल इंजीनियर नहीं रहता, ऐसे में ठेकेदार मनमानी तरीके से गुणवत्ता विहीन काम कर रहा।*

**अनिल कुमार वैश्य, पार्षद, वार्ड क्रमांक- 38**

# नेशनल लोक अदालत में हुआ 571 प्रकरणों का निराकरण

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में दिनांक 10 मई 2025 को जिला न्यायालय सीधी एवं सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन तथा मझौली में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रयाग लाल दिनकर, विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत श्री यतीन्द कुमार गुरू, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र सिंह एवं अन्य न्यायाधीशगण द्वारा जिला न्यायालय परिसर में दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपसी राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण सर्वोत्तम तरीका है। श्री दिनकर ने अधिवक्तागण से प्रकरणों का जल्दी निराकरण करने की अपील की एवं अभिभाषकगण से सहयोग की अपेक्षा की एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रेरित किया।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि नेशनल लोक अदालत के प्रति आम जन में जागरूकता आ रही है। श्री सिंह ने कहा कि आपसी राजीनामा से प्रकरण का निराकरण होने पर पक्षकारों के मध्य वैमनस्यता समाप्त हो जाती है। श्री सिंह ने कहा कि नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने का निरंतर प्रयास रहना चाहिए। श्री सिंह ने अभिभाषकगण को अंतिम समय तक लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करने हेतु बल दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री मुकेश कुमार शिवहरे ने कहा कि न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण से प्रकरणों का निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करने की अपील की एवं अभिभाषकगण से सहयोग की अपेक्षा की। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक ने कार्यक्रम में उपस्थित हुये समस्त अतिथियों का आभार प्रकट किया तथा नेशनल लोक अदालत में अधिवक्तागण से सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम का संचालन श्री रूपेन्द्र कुमार मिश्रा सहायक ग्रेड-3 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी द्वारा किया गया।




कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर, विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत श्री यतीन्द्र कुमार गुरू, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री दीपक शर्मा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र सिंह बघेल, जिला न्यायाधीश श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव, श्री राकेश कुमार सोनी, सुश्री उर्मिला यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, न्यायाधीशगण सुश्री सुनीता रावत, श्री सोनू जैन, सुश्री सरिता चौधरी, श्री कपिल देव काछी, श्री मृदुल लटौरिया, श्री अभिषेक साहू, श्रीमती भारती शर्मा जिला अभियोजन अधिकारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री प्रशांत पाण्डेय, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती पूजा गोस्वामी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी कु. सीनू वर्मा, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, श्री बाबूलाल सिंह, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री सत्यप्रकाश पाण्डेय, देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी तथा अधिवक्तागण श्री राजेन्द्र सिंह परिहार, श्री उदयकमल मिश्रा सहित अन्य अधिवक्तागण तथा विद्युत विभाग, बैंक एवं नगरीय निकाय के प्रशासनिक अधिकारीगण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के सदस्य एवं जिला न्यायालय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला मुख्यालय सीधी में 13 खण्डपीठे, व्यवहार न्यायालय चुरहट में 03, मझौली में 02 व रामपुर नैकिन में 02 खंडपीठे गठित की जाकर कुल 20 न्यायिक खण्डपीठे गठित की गई थी। नेशनल लोक अदालत में समझौता योग्य आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशियेबल इस्ट्रूमेन्ट एक्ट के अन्तर्गत चेक बाउंस प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय तथा, नगर पालिका के जलकर से संबंधित प्रकरणों के सहित विद्युत वितरण कम्पनी, समस्त बैंकों के ऋण वसूली मुकदमा पूर्व प्री-लिटिगेशन के प्रकरण इस लोक अदालत में निपटारे हेतु रखे गये।

सीधी, चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में आयोजित हुई नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लम्बित कुल 335 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये जिनमें 264 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इसी प्रकार कुल 3538 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये जिनमें 307 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में कुल 571 प्रकरणों का निराकरण हुआ। मोटर दुर्घटना दावा के अन्तर्गत 9 क्लेम प्रकरण निराकृत किये गये जिसमें पक्षकारों को 5720000 रूपये की क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त हुई। विद्युत अधिनियम से संबंधित एवं न्यायालय में लंबित 42 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 562141 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ तथा विद्युत के 94 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 1010000 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। नेशनल लोक अदालत में 1871732 रूपये के चेक बाउंस के 24 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

नेशनल लोक अदालत में 130 आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों, 22 वैवाहिक प्रकरणों, 14 सिविल प्रकरणों तथा 16 अन्य प्रकरणों का निराकरण सफलतापूर्वक किया गया। नेशनल लोक अदालत में बैंक वसूली के 74 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें विभिन्न बैंकों को 13377155 रूपये की राशि प्राप्त हुई। नगरीय निकाय के अन्तर्गत, जलकर कर के 133 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें नगरीय निकायों को लगभग 153994 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

# वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन 14 एवं 15 मई को

## जिला मुख्यालय सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित होंगे शिविर

**सीधी।** अपर कलेक्टर ने जानकारी देकर बताया है कि वर्तमान की अप्रत्यशित परिस्थितियों के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 14 एवं 15 मई 2025 को वृहद जिला स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया हैए जिसमें विभाग प्रमुख स्वयं एवं अपने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारी से अधिक संख्या में रक्तदान कराना सुनिश्चित करेंगे। इसी तरह विकासखण्ड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रक्तदान शिविर का आयोजन उपखण्ड अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में आयोजित होंगे एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहायक नोडल अधिकारी रहेंगे। सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारी रक्तदान स्थल पर अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कराना सुनिश्चित करेंगे। दिनांक 14 एवं 15 मई 2025 को जिला मुख्यालय में अटल आडोटोरियम सीधी, जिला चिकित्सालय सीधी तथा जिला आयुर्वेद अस्पताल सीधी एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तदान शिविर में संबंधित विभाग प्रमुख अपने-अपने कार्यालय में कन्ट्रोल रूम की स्थापना करेंगे, कंट्रोल रूम में प्रभारी/नोडल अधिकारी के नाम व मोबाइल नम्बर की जानकारी, प्रतिदिवस ब्लड डोनेट की जानकारी एवं संबंधित कार्यालय में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारी अधिक से अधिक संख्या में ब्लड डोनेशन हेतु प्रेरित करना सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को रक्तदान शिविर के आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था एवं ब्लड डोनेट करने वाले रक्तदाताओं को पानी, चाय, नस्ता की व्यवस्था करने का दायित्व सौंपा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन अस्पताल अधीक्षक तथा जिला आयुर्वेद अधिकारी को ब्लड डोनेट किये जाने हेतु अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी एवं ब्लड डोनेट आवश्यक सामग्री की व्यवस्था करने का दायित्व तथा उपखण्ड अधिकारी राजस्व को विकासखण्ड स्तर पर रक्तदान शिविर के आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। जिला प्रशासन ने राजनीतिक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ताओ से अपील की है कि उक्त शिविर स्थलों पर पहुंचकर स्वंय तथा अपने सहयोगी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कराना सुनिश्चित करें जिससे देश की विषम परिस्थिति में सीधी जिले का योगदान बना रहे।

# वित्तीय वर्ष 2024-25 में एनर्जी हैंडलिंग का नया कीर्तिमान: तोमर

**सीधी।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्युत प्रणाली के संचालन में एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। इस वर्ष प्रदेश के पारेषण नेटवर्क ने कुल 1,01,039.88 मिलियन यूनिट ऊर्जा का सफलतापूर्वक संचालन किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.2 प्रतिशत अधिक है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की विद्युत कंपनियों के अभियंताओं और तकनीशियनों की विशेषज्ञता, कुशल प्रबंधन और विद्युत प्रणाली के उत्कृष्ट रखरखाव का प्रतिफल है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए समस्त विद्युत कंपनियों के



अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।

उन्होंने आगे बताया कि 24 फरवरी 2025 को मध्यप्रदेश में एक दिन में सर्वाधिक एनर्जी हैडलिंग का रिकॉर्ड भी बना। इस दिन 353.77 मिलियन यूनिट ऊर्जा का सफलतापूर्वक संचालन किया गया, जो राज्य की विद्युत प्रणाली की उच्च कार्यक्षमता, विश्वसनीयता और स्थिरता का प्रतीक है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने यह भी जानकारी दी कि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में कुल 95,137 मिलियन यूनिट ऊर्जा का संचालन किया गया था। इस वर्ष, बिजली की निरंतर बढ़ती मांग को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह उपलब्धि राज्य में सभी स्तरों पर विद्युत प्रणाली की लगातार उपलब्धता के कारण संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से प्रदेश में एनर्जी हैंडलिंग (ऊर्जा संचालन) में निरंतर वृद्धि हो रही है। वर्ष 2022-23 में 88,850 मिलियन यूनिट, वर्ष 2023-24 में 95,137 मिलियन यूनिट, और अब 2024-25 में 1,01,039.88 मिलियन यूनिट ऊर्जा का सफल संचालन हुआ है।

## विशेष प्रकरण नेशनल लोक अदालत में हुआ 02 भू-अर्जन प्रकरणों का निराकरण

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में दिनांक 10 मई 2025 को जिला न्यायालय सीधी एवं सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन तथा मझौली में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं श्रृंखला न्यायालय रामपुर नैकिन एवं प्रशासन के संयुक्त प्रयास से भू-अर्जन के 02 प्रकरणों में राजीनामा कराया जाकर 5834334/- की राशि पक्षकारों को प्रदान की गई। इस प्रयास से अब वर्षों इंतजार करने वाले भू-अर्जन के प्रकरणों में आवेदकों के लिए लोक अदालत एक नई उम्मीद की किरण लेकर आई है।

# जन अभियान परिषद द्वारा जगत गुरु आदि शंकराचार्य के जन्म जयंती पर व्याख्यान माला आयोजित

**सीधी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला सीधी के तत्वावधान में संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी के सभागार में जगत गुरु आदि शंकराचार्य जी के 1237 वीं जन्म जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रख्यात मानस मर्मग्य पंडित भागवत प्रसाद पाठक, अध्यक्ष संजय गाँधी स्मृति महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी. के. सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रावेन्द्र बहादुर सिंह, साईं महाविद्यालय के संचालक वरिष्ठ समाज सेवी इंजीनियर आशीष मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि डॉ मनोज सिंह परिहार एवं जिला समन्वयक श्री शिवदत्त उर्मलिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. भागवत



प्रसाद पाठक ने आधुनिक भारत में जगत गुरु शंकराचार्य जी के अवधारणा एवं सद प्रयासों पर अपना व्याख्यान दिया। संजय गाँधी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी. के. सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में स्वामी जी के जीवन दर्शन की भारतीय संस्कृति में उपादेयता एवं उनके कार्य क्षेत्र नर्मदा के पावन तट पर प्रतिष्ठित ओंकारेश्वर धाम के चमत्कारिक प्रभाव एवं प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन करते हुए भारतीय नागरिकों में मानव मूल्य एवं अनुशासन के महत्त्व को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि इंजीनियर आशीष मिश्रा ने वेदांत और भारतीय दर्शन के महत्व एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। सांसद प्रतिनिधि डॉ मनोज सिंह ने जगतगुरु जी के जीवन वृतांत सन्यास साधना एवं सामाजिक समरसता के साथ-साथ समुन्नत राष्ट्र के निर्माण में उनके महती प्रयास को याद कर सबको आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के आयोजक जिला समन्वयक ने विषय प्रवर्तन के क्रम में शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन एवं वर्तमान समाज में उसकी प्रासंगिकता पर विषद प्रकाश डालते हुए विश्वमंच पर एक विकसित और समृद्ध भारत के परिकल्पना को मूर्त रूप देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सीएमसीएलडीपी के छात्र, सभी मेंटर्स के साथ-साथ समितियों के सदस्य एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अवनीन्द्र शुक्ला ने किया तथा आभार विनय तिवारी ने किया।

## जिले की रेत खदानों के संचालन को लेकर बनी अनिश्चितता

**सीधी।** जिले की रेत खदानों के संचालन को लेकर पूरी तरह से अनिश्चितता निर्मित हो गई है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर में डब्ल्यूपी संख्या 34655/2024मेसर्स सहकार ग्लोबल लिमिटेड बनाम मध्यप्रदेश राज्य और अन्य में अभी 5 मई को पेशी थी। इस मामले में अब हाईकोर्ट में सुनवाई 14 जुलाई 2025 हो गयी है। मालूम रहे कि मानसून के चलते रेत खदानों का संचालन 15 जून से 30 जून तक में बंद हो जाता है।

# हत्या के चिन्हित मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**सीधी।** बताया गया किदिनांक 28.09.2020 को सूचनाकर्ता भारत सिंह ने थाना बहरी में इस आशय की सूचना दर्ज करवायी कि दिनांक 27.09.2020 को सुबह करीब 08.00 बजे उसका चाचा गंगा सिंह माठा लेने बंटी पाण्डेय के घर ग्राम नकझर गया था, जहां माठा न मिलने पर घर वापस आ गया, फिर करीब 09.00 बजे सुबह बिताने केवट के घर मछली लेने गया, वहीं नहाया धोया, फिर हिन्छपतिकेवट के घर बोरिंग मशीन लगी थी, जिसे देखने चला गया। शाम करीब 07.00 बजे उसके चाचा चन्द्रबहादुर सिंह के मोबाइल में गंगा सिंह की छोटी लड़की का फोन आया कि गंगा सिंह की मृत्यु हो गयी है व उसकी लाश हिन्छपति केवट के घर के पास पड़ी है। सूचनाकर्ता की उक्त सूचना को थाना बहरी के मर्ग क्रमांक 77/2020 अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया तथा मर्ग जांच प्रारंभ की गयी। मर्ग जांच पर पाया गया कि दिनांक 27.09.2020 को पैसे के लेन-देन के विवाद को लेकर अभियुक्त गोरेलाल पाण्डेय ने मृतक गंगा सिंह गोंड को उठाकर पटका और लाठी से मारपीट की, जिस कारण उसकी मृत्यु हो गयी। मर्ग जांच उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध थाना बहरी के अपराध क्रमांक 422/2020 अंतर्गत धारा 302 भा.द.सं. एवं धारा 3(2)(1-ड्डु) एस.सी.एस.टी.एट्रो. एक्ट की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गयी व प्रकरण विवेचना में लिया गया।प्रकरण को श्रीमान् पुलिस अधीक्षक सीधी के द्वारा जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में चिन्हित कर विवेचना के निर्देश जारी किये गये।

# वर्तमान परिस्थिति को लेकर पुलिस की बढ़ी चौकसी

## ढ़ाबा, लॉज व संवेदनशील जगहों में सघन तलाशी जारी

**सीधी।** वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सीधी पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस की चौकसी काफी तेज हो चुकी है। प्रत्येक चौराहों एवं गलियों में पुलिस की पेट्रोलिंग लगातार हो रही है। वहीं ढ़ाबा, लॉज एवं संवेदनशील जगहों में पुलिस की सघन तलाशी अभियान में शुरू हो गई है। सीधी पुलिस की सोशल मीडिया पोस्ट पर पैनी नजर बनी हुई है। सीधी पुलिस ने जिला वासियों के लिये एड़वाईजरी जारी कर अपील किया है कि इनका पालन आवश्यक रूप से करें। एडवाईजरी में कहा गया है कि राष्ट्रीय एकता, अखण्डता व साम्प्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले संदेश सोशल मिडिया पर फैलाने/प्रसारित करने पर संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं अन्य विधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी। सभी सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म्स फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप आदि पर किसी भी प्रकार का तथ्यहीन भ्रामक या अफवाह फैलाने वाले, तनाव निर्मित करने वाले मैसेज प्रसारित नहीं करें। समस्त वाट्सएप ग्रुप के एडमिन को निर्देशित किया गया है कि अपने ग्रुप पर उक्त प्रकार के मैसेज प्रसारित नहीं करें, ऐसे व्यक्तियों को तत्काल ग्रुप से बाहर करें एवं सूचना पुलिस को देवें। किसी भी अनजान लिंक, एपीके पर क्लिक नहीं करें। अनजान एप्लीकेशन को डाउनलोड नहीं करें, केवल अधिकारिक एप स्टोर से ही



एप्लीकेशन डाउनलोड करें। बिना अनुमति के किसी भी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन नहीं करें। सभी होटल एवं लॉज संचालक को सख्त रूप से निर्देशित किया गया है कि वे अपने यहां रूकने वाले समस्त लोगों की सम्पूर्ण जानकारी निर्धारित प्रारूप में संकलित करें और रुकने वाले समस्त लोगो के वैध दस्तावेजों को चेक करें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल लॉज में ठहरने आता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस कन्ट्रोल रूम सीधी। संबंधित पुलिस थाना या डायल 100 के माध्यम से पुलिस को अनिवार्य रूप से सुचित करें। समस्त मकान मालिकों को सख्त निर्देशित किया गया है कि अपने यहां रूकने वाले किरायेदारों की निर्धारित फॉर्मेट में जानकारी तत्काल नजदीकी पुलिस थाने पर उपलब्ध करवाये। बिना वैध दस्तावेजों के किसी भी व्यक्ति को मकान/फ्लैट दुकान किराये पर नहीं दे। समस्त मोबाइल सिम कार्ड विक्रेताओं को सख्त रूप से निर्देशित किया गया है कि सिम कार्ड विक्रय के दौरान वैध दस्तावेजों का सावधानी से निरीक्षण करें और सम्पूर्ण वैधानिक प्रक्रिया का पालन करें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति सिम कार्ड खरीदने आता है तो उसकी सूचना तत्काल डायल 100 के माध्यम से पुलिस को प्रदान करे। समस्त कियोस्क संचालकों को निर्देशित किया गया है कि आपके यहां ऑनलाईन भुगतान रूपये हस्तांतरण हेतु आने वाले समस्त व्यक्तियों की जानकारी निर्धारित फार्मेट में एक रजिस्टर में संधारित करें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति रूपये हस्तांतरण हेतु आता है तो उसकी सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, पुलिस कन्ट्रोल रूम सीधी या डायल 100 के माध्यम से पुलिस को देवें।

कार्यालय कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी जिला-सीधी (म.प्र.)

पत्र क्रमांक 806 /भू-अर्जन/2025 सीधी दिनांक : 07/05/2025

-: सार्वजनिक सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रयनीति आदेश एफ12-2/2014/सात/2ए/भोपाल दिनांक 12.11.2014 के अन्तर्गत निजी भूमि का शासकीय प्रयोजन हेतु क्रय किए जाने हेतु विचार किया जा रहा है जिनका विवरण नीचे दर्षाया गया है। भूमियों स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो दिनांक 22/05/2025 तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भू-अर्जन अधिकारी कार्यालय 22/05/2025 में आधार सहित प्रस्तुत करें। नियत दिनांक 22/05/2025 तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर भूमि क्रय करने की कार्यवाही की जावेगी।

| स.क्र. | जिला | तहसील | नगर/ग्राम | आराजी नम्बर | रकबा हे0 में | भूमिस्वामी का नाम | भारत सरकार के विभाग उपक्रम का नाम | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | सीधी | चुरहट | बड़खरा 735 | 423 | 0.040 | कान्ती देवी पत्नी रामगोविन्द सिंह | उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल जबलपुर (कैम्प रीवा/सीधी) | रीवा सीधी रेल लाईन निर्माण हेतु |

कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी
जिला-सीधी ( म.प्र. )

जी-12639/25

## संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल में 50 की स्पीड वाली हवाओं के साथ बारिश का येलो अलर्ट, 13 मई तक खराब रह सकता है मौसम



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आंधी और बारिश वाला मौसम बन रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान विभिन्न जगहों पर तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान हवा की स्पीड 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है। कभी कभी हवा की स्पीड 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक देखी जा सकती है। मौसम विभाग ने 11 और 12 मई के दौरान हिमाचल प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बारिश के आसार बताए गए हैं। 13 मई को हिमाचल प्रदेश के मध्य और उच्च पर्वतीय इलाकों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना भी मौसम विभाग ने जताई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान चंबा, कांगड़ा, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों में अलग-अलग जगहों पर गरज चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवाएं चलने का अनुमान है। कभी कभी हवा की स्पीड 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक देखी जा सकती है। मौसम विभाग ने चंबा, कांगड़ा, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों में अलग-अलग जगहों पर गरज चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान हवा की स्पीड 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक देखी जा सकती है। कभी कभी इसके 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने का अनुमान है।

### पाक से तनाव का असर, हिमाचल सरकार ने इन शहरों के लिए बंद की अपनी रात्रि बस सेवाएं






**शिमला, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालात को देखते हुए हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) ने पंजाब के अमृतसर, पठानकोट और जम्मू-कश्मीर के कटरा आवाजाही करने वाली रात्रिकालीन बस सेवाओं को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है। पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमलों की आशंकाओं के बीच यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह फैसला लिया गया है। एचआरटीसी प्रबंधन के अनुसार, मौजूदा परिस्थितियों में इन सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर जाने वाली रात्रि बस सेवाओं पर अस्थायी रोक लगाई गई है। निगम के प्रबंध निदेशक ने बताया कि जम्मू-पठानकोट-अमृतसर रूट पर यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट भी दर्ज की गई है। इससे संचालन को लेकर आर्थिक और सुरक्षा दोनों ही नजरिए से समीक्षा की गई है। फिलहाल रात्रिकालीन सेवाएं बंद रहेंगी और हालात की समीक्षा के बाद केस-टू-केस आधार पर निर्णय लिया जाएगा। दिन के समय बस सेवाएं पूर्ववत जारी रहेंगी। हालांकि ये भी स्थानीय प्रशासन की कानून व्यवस्था संबंधी निर्देशों के अधीन रहेंगी। एचआरटीसी ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी यात्रा की योजना बनाते समय ताजा अपडेट लेते रहें। विशेष रूप से अमृतसर, जम्मू, कटरा और पठानकोट जाने वाले यात्रियों को सतर्कता बरतने और वैकल्पिक प्रबंध करने को कहा गया है। माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए कटरा जाने वाली बसें भी अब सीधा कटरा न जाकर हिमाचल की सीमा में स्थित कस्बे जैसूर तक ही जाएंगी। इसके आगे की यात्रा यात्रियों को अपने स्तर पर करनी होगी। उल्लेखनीय है कि हिमाचल से इन सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर प्रतिदिन 20 से 25 बसें संचालित होती हैं। इनमें अब केवल दिन के समय सीमित संख्या में बसें भेजी जा रही हैं। परिवहन निगम हालात सामान्य होने तक यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर सतर्कता बनाए रखेगा।

### आज हर भारतीय सरकार के सामर्थ्य को महसूस कर रहा है: उपराष्ट्रपति धनखड़

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि आज हर भारतीय सरकार के सामर्थ्य को महसूस कर रहा और यह समझ रहा है कि देश किसी अन्य राष्ट्र परनिर्भर नहीं है।



उनकी यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य गतिरोध के बीच आई है। उन्होंने कहा, ''हम भारतीय हैं, भारतीयता हमारी पहचान है, राष्ट्र धर्म सर्वोपरि है, राष्ट्र पहले आता है। कोई भी हित (व्यक्तिगत, राजनीतिक या आर्थिक) राष्ट्र हित से ऊपर नहीं हो सकता।'' मौजूदा स्थिति का जिक्र किए बिना उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज हर भारतीय सरकार के सामर्थ्य, दृष्टि और सोच को जान रहा है। धनखड़ ने कहा कि आज भारत इस मामले में किसी देश पर निर्भर नहीं हैं और आज देश में जो कुछ हो रहा है।

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता; 16 लाख के इनामी नक्सली दंपति का सरेंडर, दो अन्य माओवादी गिरफ्तार



**नारायणपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में कुल 16 लाख रुपए के एक इनामी नक्सली दंपति ने शुक्रवार को सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नक्सली रैसिंग कुमेटी उर्फ रतनसिंग (35) और उसकी पत्नी पुनाय आचला उर्फ हिरोंदा (34) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के मुताबिक दोनों नक्सली कांकेर जिले के निवासी हैं और इनके सर पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इसके अलावा एक अन्य अधिकारी ने बताया कि नारायणपुर जिले में पुलिस ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है, और उनके पास से विस्फोटक भी बरामद किए हैं।

कोंडागांव में हुए सरेंडर की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक वाई अक्षय कुमार ने बताया कि कुमेटी माओवादियों के प्रतिबंधित संगठन की कंपनी नंबर 5 के तहत एक वरिष्ठ कैडर के रूप में सक्रिय था, जबकि उसकी पत्नी इसकी सदस्य थी। इनमें से पुरुष नक्सली के खिलाफ 2009 में राजनांदगांव जिले में और 2011 में गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों पर हमले की घटना में शामिल होने आरोप है। इन हमलों में राजनांदगांव जिले के पुलिस अधीक्षक विनोद चौबे और गरियाबंद जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश पवार समेत 38 पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। पुलिस ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ के कांकेर, राजनांदगांव, धमतरी, गरियाबंद, कोंडागांव और पड़ोसी राज्य उड़ीसा में विभिन्न घटनाओं में शामिल होने आरोप है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सली रैसिंग साल 2009 में राजनांदगांव के मदनवाड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस दल पर हमला तथा 2011 में गरियाबंद जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश पवार के काफिले पर हमला करने की घटना में शामिल था। राजनांदगांव के मदनवाड़ा की घटना में पुलिस अधीक्षक विनोद चौबे समेत 29 पुलिसकर्मी तथा गरियाबंद जिले की घटना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश पवार समेत नौ पुलिसकर्मियों की शहादत हुई थी।

अक्षय कुमार ने बताया कि रैसिंग के खिलाफ 2004 में ओडिशा के कोरापुट जिले में हथियार और कारतूस की लूट की घटना में भी शामिल होने का आरोप है। अधिकारियों ने बताया कि रैसिंग की पत्नी पुनाय आचला के खिलाफ भी कई नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। उन्होंने बताया कि नक्सली दंपति ने राज्य शासन की नक्सल उन्मूलन नीति से प्रभावित होकर तथा नक्सलियों की खोखली विचारधारा और शोषण से तंग आकर आत्मसमर्पण करने का फैसला किया है।

अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सली रैसिंग 2002 से 2023 तक तथा पुनाय 2005 से 2023 तक माओवादी संगठन में सक्रिय थे। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों को %छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति-2025% के तहत प्रोत्साहन राशि के रूप में 50-50 हजार रुपए प्रदान किए गए हैं, साथ ही उन्हें अन्य सुविधाओं का लाभ भी दिया जाएगा।

नारायणपुर से दो नक्सली गिरफ्तार, हथियार व गोला-बारूद बरामद उधर नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के दौरान ओरछा थाना क्षेत्र के कोडोल, छोटेपालनार और रेंगाबेड़ा गांवों के बीच जंगल में सुरक्षाकर्मियों ने कोंडाराम उसेंडी (35) और करंजे उसेंडी (40) नामक दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने उनके पास से दो डेटोनेटर, एक प्रेशर कुकर, बिजली के तार समेत अन्य सामान बरामद किया है। अधिकारी ने बताया कि दोनों 2024 और 2025 में सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए गोलीबारी, विस्फोट और आईईडी लगाने में शामिल थे।

## भारत-पाक तनाव के बीच सिद्धिविनायक मंदिर का बड़ा फैसला, नारियल और माला पर रोक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान में तनाव और आतंकी हमलों की आशंका को देखते हुए मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में नारियल, फूलों के हार और बाहर से प्रसाद लेकर आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मंदिर प्रशासन का कहना है कि रविवार को इस फैसले का औपचारिक ऐलान किया जाएगा। रविवार से ही इसे लागू भी कर दिया जाएगा। मुंबई पुलिस की एडवाइजरी को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने यह फैसलालिया है।

प्रशासन का कहना है कि नारियल या फिर प्रसाद में विस्फोटक भी हो सकता है। मंदिर के ट्रस्टी भास्कर शेट्टी ने का, पुलिस ने हमें निर्देश दिए थे कि सुरक्षा को देखते हुए नारियल और अन्य प्रसाद पर रोक लगानी पड़ेगी। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सदा स्वर्णकार ने कहा कि मंदिर में हर रोज हज़ारों लोग आते हैं और यह आतंकवादियों की 'हिट लिस्ट' में है। हाल में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने ट्रस्ट के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा, हमें सरकार और पुलिस ने कई सलाह दी हैं। सुरक्षा उपायों के बारे में उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को चढ़ाए जाने वाले नारियल सुरक्षा जांच के दौरान पहचान में नहीं आते और इससे खतरा हो सकता है। प्रसाद में जहर हो सकता है। इससे बचने के लिए हम कुछ वक्त तक भगवान को माला और नारियल चढ़ाने की अनुमति नहीं देंगे। स्वर्णकार ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता को देखते हुए यह उपाय अस्थायी है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट ने मंदिर के बाहर फूल विक्रेताओं से बात की, जिन्होंने 11 मई से यह पहल शुरू करने का अनुरोध किया ताकि वे अपना मौजूदा स्टॉक खत्म कर सकें।

शिवसेना के पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि मंदिर ट्रस्ट यह भी देखने का प्रयास कर रहा है कि क्या वह भक्तों के लिए फूल और दूर्वा घास उपलब्ध करा सकता है ताकि वे इसे भगवान को अर्पित कर सकें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बढ़ाने के लिए ट्रस्ट सशस्त्र बलों से सेवानिवृत्त 20 जवानों की भी भर्ती करेगा और वे हथियारबंद होंगे। सर्वणकर ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा पुलिस और मंदिर ट्रस्ट की जिम्मेदारी हैं।

## कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका से प्रेरणा ले राष्ट्र गौरव बनें लड़कियां : बागडे

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने भारतीय सेना के शौर्य की सराहना करते हुए बालिकाओं का आह्वान किया है कि वे कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तरह राष्ट्र का गौरव बनें। बागड़े ने बालिकाओं को देश का गौरव बताते हुए कहा कि राष्ट्र सर्वोच्च के अंतर्गत शिक्षण संस्थाओं में आरंभ से ही राष्ट्रभक्ति का बीजारोपण किया जाए। उन्होंने शुक्रवार को माहेश्वरी पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक समारोह मुस्कान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आर्यभट्ट, भास्कराचार्य की चर्चा करते हुए कहा कि पूरे विश्व को गुरुत्वाकर्षण और खगोल का वास्तविक ज्ञान भारत की देन है। उन्होंने प्राचीन भारतीय ज्ञान के आलोक में नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाये जाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने के केन्द्र ही नहीं होते बल्कि वे संस्कार निर्माण की पाठशाला होते हैं। उन्होंने कहा कि देश में नई शिक्षा नीति एक हजार शिक्षाविदों ने मिलकर तैयार की है। यह पूरी तरह से भारतीयता से ओतप्रोत है। इसमें भारतीय संस्कृति और उदात्त जीवन मूल्यों पर जोर है। शिक्षकों को चाहिए कि वे इस नीति के आलोक में विद्यार्थियों को शिक्षित-दीक्षित करें।

# दुनिया भर में सबसे घातक और तेज होगी लखनऊ की ब्रह्मोस मिसाइल, फैक्ट्री का उद्घाटन आज




**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ के डिफेंस कॉरिडोर में बनने जा रही ब्रह्मोस नेक्स्ट जेन की होगी। इसकी वर्तमान ब्रह्मोस से कहीं ज्यादा क्षमता होगी। साथ ही दुनिया के सबसे घातक मिसाइल में शीर्ष पर होगी। डिफेंस कॉरिडोर सरोजनीनगर में ब्रह्मोस मिसाइल की फैक्टरी तैयार है। 11 तारीख को इसका उद्घाटन होना है। पाकिस्तान से तनाव बढ़ने के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने फिलहाल दौरा रद्द कर दिया है। वर्चुअल तौर पर नई दिल्ली से फैक्टरी का उद्घाटन करेंगे। शुरुआती ब्रह्मोस की रेंज 290 किमी थी। 2017 में 490 किमी रेंज का परीक्षण किया गया। सैन्य सूत्रों के अनुसार इसका अगला संस्करण 1500 किलोमीटर से अधिक दूरी तक मार करने में सक्षम होगा। 4321 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दूरी तय करने की क्षमता होगी। सुखोई 30 एमकेआई के अलावा तेजस एमके 1 ए और राफेल में लैस किया जा सकेगा। वजन करीब 1.5 टन होगा और लम्बाई 6 मीटर। नेक्स्ट जेन ब्रह्मोस मौजूदा मिसाइल से 50 फीसदी हल्की और तीन मीटर छोटी होगी। यह रडार की पकड़ में नहीं आ सकेगी। इस मिसाइल को डीआरडीओ और रूस की एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया कंपनी ने तैयार किया है। मौजूदा ब्रह्मोस एशिया की 10 सबसे खतरनाक और मारक मिसाइलों में एक है।

**लखनऊ हर आपदा से निपटने के लिए तैयार :** देश की सरहद पर तनाव के बीच सभी सार्वजनिक स्थलों पर जरूरी सतर्कता बढ़ा दी गई है। अस्पतालों में बेड आरक्षित किए गए हैं। डॉक्टरों, कर्मचारियों की आपदा राहत टीम गठित कर दी गई है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**अमौसी एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ी :** लखनऊ के अमौसी स्थित एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच बढ़ा दी गई है। फ्लाइट से जाने वाले एयरपोर्ट पर डिपार्चर के तीन घंटे पहले पहुंच रहे हैं। आमतौर पर एयरपोर्ट में प्रवेश के समय चेकिंग होती है। इसके बाद चेकइन सुरक्षा काउंटर पर सघन तलाशी ली जाती है। अब जांच का दायरा और बढ़ा दिया गया है। प्रत्येक यात्री की सेकेंडरी लैडर प्वाइंट चेकिंग (एसएलपीसी) शुरू कर दी गई है। ऐसे में लखनऊ एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों से अतिरक्त समय लेकर निकलने और एयरपोर्ट पर सुरक्षाकर्मियों का सहयोग करने की अपील की है।

एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ के अलावा पुलिस गश्त भी बढ़ाई गई है। सीआईएसएफ के सभी बुलेट प्रूफ वाहन सिटी साइड क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहे हैं। शहीद पथ फ्लाईओवर और कानपुर रोड से आने वाले वाहनों की तलाशी ली जा रही है।

# सीधे हमले से नहीं गल रही दाल, आतंकियों के सहारे पाकिस्तान; करवा सकता है टेरर स्ट्राइक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाकिस्तान भारत पर ड्रोन और मिसाइल से अटैक करने की कोशिश में लगा हुआ है। हालांकि भारत का उन्नत डिफेंस सिस्टम ड्रोन और मिसाइलों को आसमान में ही मार गिराता है। वहीं जवाबी हमले में पाकिस्तान की हालत खराब हो गई है। बीती रात भारत ने पाकिस्तानी एयरबेसों पर जबरदस्त हमला किया। वहीं पाकिस्तान ने फिरोजपुर, सिरसा समेत कई जगहों पर अटैक की कोशिश जरूर की लेकिन कामयाब नहीं हो पाया। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर भारत में आतंकी हमले करवा सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक आसिम मुनीर के आईएसआई चीफ रहते हुए ही 2019 में पुलवामा हमले की साजिश रची गई थी। मुनीर की भी इस हमले में भूमिका थी। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान और पीओके में भारत की एयरस्ट्राइक के बाद मारे गए आतंकियों की अंतिम यात्रा में पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भी शामिल हुए थे। पाकिस्तान की सेना और आतंकियों की साठ-गांठ से कतई इनकार नहीं किया जा सकता। भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अकसर पाकिस्तान को लताड़ता रहता है और पाकिस्तान इस बात को खारिज करता रहता है। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान जिस तरह से बौखला गया है, उससे भी उसकी आतंकियों के साथ हमदर्दी का साफ पता चलता है।

आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकवादी बदला लेने के फिराक में हैं। पाकिस्तानी सेना इस मौके का फायदा उठा सकती है और आतंकियों की घुसपैठ करवाने में भी मदद कर सकती है। एलओसी पर लगातार हो रही फायरिंग का भी यही मकसद है। भारत और पाकिस्तान के बीच छोटी मिसाइलों का वार अब बड़े अटैक में तब्दील हो रहा है। जाहिर सी बात है कि पाकिस्तान का डिफेंस सिस्टम भारत की तुलना में ज्यादा कमजोर है। ऐसे में उसे बड़ा नुकसान भी हो रहा है। अपनी दाल गलते ना देखकर पाकिस्तान की सेना आतंकियों को आगे कर सकती है।

## अनिल विज ने सभी टीवी चैनलों से अपने शोज में सायरन नहीं बजाने की अपील की




**चंडीगढ़, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के दौर में हरियाणा के मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल विज ने सभी टीवी चैनलों से अपने शोज में सायरन नहीं बजाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कहीं आसै न हो कि असली सायरन बज जाए और लोग टीवी चैनल का सायरन समझ गलती कर बैठें। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सभी चैनलों को प्रार्थना की जाती है कि वह अपने चैनलों पर बार बार खतरे के सायरन न बजाएं क्योंकि यदि कभी असली सायरन बज गया तो लोग इसे भी टीवी का सायरन समझ कर उनकी जो सुरक्षा के कदम उठाने हैं वह उठा नहीं पाएंगे। इससे इतर अनिल विज ने कहा, ....युद्ध तो हो ही रहा है और पाकिस्तान रो रहा है। आगे-आगे दिखिए होता है क्या...देशवासी सब एक होकर पीएम मोदी के पीछे खड़े हैं पीएम मोदी इस लड़ाई के नायक हैं और देशवासी हमारे सेना के साथ भी खड़े हैं। उन्होंने गुरुवार की शाम पाकिस्तान द्वारा सीमावर्ती शहरों में ड्रोन और मिसाइल दागे जाने पर कहा कि वे सभी चाइनीज खिलौने थे। जब चाइनीज खिलौने नहीं चलते तो ड्रोन कहां से चलेंगे, ये तो हमारे बच्चों से भी पूछ लो। 30 शहरों में 600 से ज्यादा ड्रोन अटैक बता दें कि पिछले महीने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने मंगलवार (6 मई) की आधी रात पाकिस्तान और पीओके में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल स्ट्राइक की थी, जिससे पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। इसके बाद पाकिस्तान ने बुधवार और गुरुवार को भारत के सीमावर्ती शहरों और सैन्य ठिकानों पर हमले किए। गुरुवार को तो पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात के करीब 30 शहरों में 600 से ज्यादा ड्रोन अटैक किए हैं। ऐसे हमलों और खतरों की पहचान कर सरकारी और सुरक्षा एजेंसियां सायरन बजाकर लोगों को आगाह करती हैं ताकि लोग खुद को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा सकें और शहर में ब्लैकआउट कर सकें। इस बीच कई टीवी चैनल्स भी इस तरह की रिपोर्टिंग करते हुए सायरन बजा रहे हैं। हरियाणा के मंत्री ने इसीलिए, चैनल वालों से ये खास अपील की है।

# राजस्थान : 400 करोड़ से अधिक के साइबर फ्रॉड करने वाले गैंग का खुलासा, पति-पत्नी समेत 3 गिरफ्तार

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भरतपुर पुलिस की टीम ने करीब 400 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा कर पति-पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरोह के आरोपियों से पूछताछ के साथ ही इनके बैंक खाते खंगाल रही है। पुलिस को आशंका है कि ठगी की रकम 1000 करोड़ एवं इससे अधिक भी हो सकती है। पुलिस महानिदेशक (साइबर क्राइम) हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने आरोपी रविंद्र सिंह (54) तथा दिनेश सिंह (49) और उसकी पत्नी कुमकुम को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलिया के रहने वाले हैं और फिलहाल दिल्ली में रहते हैं। प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर थाना धौलपुर पर पीड़ित हरीसिंह द्वारा 1930 पर फिनो पेमेंट बैंक के खाते के खिलाफ साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई गई थी। उन्होंने बताया कि जब इस शिकायत की जांच की गई तो बेहद चौकाने वाली यह बात सामने आई कि जिस बैंक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई, उसी खाते के खिलाफ 1930 पर उस समय करीब 3000 शिकायत दर्ज थीं, जो अब बढ़कर 4000 से भी अधिक हो गई हैं। प्रकरण की गम्भीरता के मद्देनजर साइबर थाना धौलपुर में 1930 की शिकायत के आधार पर तुरंत मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि फिनो पेमेंट बैंक के जिस खाते के



खिलाफ 4000 से अधिक साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज पाई गई हैं। जांच में पता चला कि धौलपुर के परिवादी के 35 लाख रुपये आगे निम्नलिखित चार कम्पनियों के चार कंपनियों रूकनेक इंटरप्राईजेज प्राईवेट लिमिटेट, सेलवा कृष्णा आईटी सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, एसकेआरसी इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड एवं नित्यश्री मेन पॉवर एंड कॉन्ट्रेक्ट वर्क्स के खातों में ट्रान्सफर किए गए हैं। जांच अधिकारी द्वारा जांच के दौरान इन चारों कम्पनी के बैंक खातों को तुरंत प्रभाव से डेबिट फ्रीज कराया गया। इन कम्पनियों के बैंक खातों में वर्तमान में करीब चार करोड़ रुपये की राशि डेबिट फ्रीज है। चोरों कम्पनी की जांच से यह बात निकल कर आई कि इनके डायरेक्टर के तौर पर रूकनेक इंटरप्राईजेज के डायरेक्टर दिनेश और कुमकुम, सेलवा कृष्णा आईटी के डायरेक्टर सी कृष्ण कुमार और सेलवा कुमार शामिल थे। एसकेआरसी इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर रोशन बिहोर और वेंकटेश बल्लया बदलाकोंडा, नित्यश्री मेन पॉवर एंड कॉन्ट्रेक्ट वर्क्स के डायरेक्टर भारथीधसन सुसराज और पुरुषोत्तम पलानिअप्पन भी शामिल थे। बीते चार महीनों में ही करीब 400 करोड़ से अधिक की ठगी राशि का लेन-देन इन कम्पनियों के खातों में हुआ है। सम्भावना है कि जांच में ठगी की रकम 1000 करोड़ एवं इससे अधिक भी हो सकती है।

# रोहित शर्मा के बाद विराट कोहली भी टेस्ट क्रिकेट से लेना चाहते हैं संन्यास

### बीसीसीआई ने कहा- पुनर्विचार करें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से कहा है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहते हैं, लेकिन शीर्ष अधिकारियों ने उनसे इस फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा है। सूत्रों के हवाले से लिखा, उन्होंने अपना मन बना लिया है और बोर्ड को सूचित कर दिया है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहे हैं। बीसीसीआई ने उनसे इस पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है, क्योंकि इंग्लैंड का महत्वपूर्ण दौरा आने वाला है। उन्होंने अब तक इस अनुरोध पर कोई जवाब नहीं दिया है। विराट कोहली का यह फैसला कुछ दिन पहले रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद आया है। बीसीसीआई की सीनियर सिलेक्शन कमेटी के सदस्य अगले महीने इंग्लैंड में होने वाली पांच टेस्ट मैच की सीरीज को लेकर टीम चुनने के लिए कुछ दिनों में बैठक करने वाले हैं। पता चला है कि विराट कोहली इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद से ही अपने टेस्ट क्रिकेट के भविष्य पर विचार कर रहे हैं। विराट कोहली ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में शतक लगाया था लेकिन उसके बाद वह अन्य चारों टेस्ट में खराब फार्म से जूझते रहे। अगर विराट कोहली अपना विचार नहीं बदलते हैं और रोहित शर्मा भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में भारत के पास काफी हद तक अनुभवहीन मध्यक्रम होगा।



### रोहित-कोहली के बिना खेलेगी टेस्ट टीम

इसका मतलब टीम दो अनुभवी खिलाड़ियों (विराट कोहली और रोहित शर्मा) के मार्गदर्शन के बिना रह जाएगी। इन दोनों ने अब तक लगभग 11 वर्षों तक टेस्ट टीम का नेतृत्व किया है। विराट कोहली दिसंबर 2014 में भारत के टेस्ट कप्तान बने और उसके बाद रोहित फरवरी 2022 में कप्तान बने।

### टीम को युवा कप्तान की तलाश और रोहित का संन्यास

इस हफ्ते की शुरुआत में बताया था कि चयनकर्ता नए टेस्ट चक्र के लिए किसी युवा खिलाड़ी को कप्तान बनाने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। सूत्रों के मुताबिक, शुभमन गिल रोहित की जगह टेस्ट कप्तान बनने के लिए सबसे मजबूत दावेदार है।

### कोहली का टेस्ट करियर

36 साल के विराट कोहली ने भारत के लिए 123 टेस्ट मैच खेले हैं और 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए हैं। हालांकि, पिछले पांच सालों में उनका प्रदर्शन थोड़ा कमजोर रहा। उन्होंने 37 मैचों में 1,990 रन बनाए, जिसमें सिर्फ तीन शतक शामिल हैं। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उनका प्रदर्शन और खराब रहा, जहां पांच टेस्ट में उनकी औसत केवल 23.75 रही। इस दौरे पर आठ बार आउट होने में सात बार वे ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर आउट हुए।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे की निराशा

मार्च में अपनी आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के एक कार्यक्रम में कोहली ने ऑस्ट्रेलिया दौरे की निराशा के बारे में बात की। उन्होंने कहा, शायद चार साल बाद मेरे पास ऑस्ट्रेलिया दौरा दोबारा न हो। उन्होंने टेस्ट में हाल की नाकामियों के मानसिक दबाव के बारे में भी बताया। कोहली ने कहा, जब आप बाहर से निराशा और नकारात्मक ऊर्जा लेने लगते हैं, तो आप खुद पर बोझ बढ़ा लेते हैं। फिर आप सोचने लगते हैं कि 'इस दौरे पर मेरे पास दो-तीन दिन बचे हैं, मुझे अब कुछ बड़ा करना है।' इससे आप और ज्यादा बेताब हो जाते हैं। मैंने ऑस्ट्रेलिया में भी ऐसा महसूस किया।

# भारत में 2027 डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करने को इच्छुक है बीसीसीआई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) देश में 2025-2027 चक्र के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की मेजबानी करने पर विचार कर रहा है और इस संबंध में एक प्रस्ताव को बाद में औपचारिक रूप दिया जाएगा।

इंग्लैंड ने अब तक 2021 और 2023 में क्रमशः हैम्पशर और ओवल में डब्ल्यूटीसी खिताबी मुकाबलों की मेजबानी की है। पीटीआई को पता चला है कि पिछले महीने जिम्बाब्वे में आईसीसी की मुख्य कार्यकारी समिति के दौरान इस संबंध में चर्चा हुई थी जहां बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने किया था।

पूर्व बीसीसीआई सचिव जय शाह दिसंबर 2024 में ग्रेग बार्कले से पदभार संभालने के बाद वर्तमान आईसीसी अध्यक्ष हैं। एक सूत्र ने संकेत दिया- अगर भारत अगले डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचता है तो यह प्रशंसकों के लिए एक शानदार मौका होगा। पर अगर भारत फाइनल में नहीं खेलता है तो भी दो अन्य शीर्ष टीमों के बीच मैच में बहुत से लोग दिलचस्पी लेंगे।

# इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने खोला रोहित शर्मा के संन्यास का राज, हिटमैन के टेस्ट करियर को बताया अनोखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट के 'हिटमैन' रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। यह खबर उनके प्रशंसकों के लिए किसी झटके से कम नहीं, लेकिन जैसे हर कहानी का अंत होता है, वैसे ही रोहित की टेस्ट यात्रा भी अपने मुकाम पर पहुंची। इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए रोहित ने अपने संन्यास की घोषणा की, लेकिन इसके पीछे की कहानी में कई सवाल और भावनाएं उमड़ रही हैं। क्या यह उनका अपना फैसला था, या फिर चयनकर्ताओं का दबाव? इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन के शब्दों में अगर इसे व्यक्त करें तो उन्होंने कहा कि- यह आश्चर्यजनक नहीं था, लेकिन दुखद जरूर है।



### खराब फॉर्म और हार का बोझ

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने हाल के समय में कई चुनौतियों का सामना किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 से टेस्ट सीरीज हार और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में दो हार ने भारत को पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से बाहर कर दिया। रोहित का बल्ला भी इस दौरान खामोश रहा। पिछले छह टेस्ट मैचों में भारत को पांच हार का सामना करना पड़ा और रोहित की बल्लेबाजी औसत में भी गिरावट आई। एथरटन ने स्काई स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा, जब आप रन नहीं बना रहे और टीम हार रही हो, तो यह किसी भी कप्तान के लिए खतरनाक संयोजन है। 38 साल की उम्र में रोहित पर समय का दबाव भी बढ़ रहा था। भारतीय क्रिकेट में प्रतिभाओं की गहरी खान है और युवा खिलाड़ी मौके की तलाश में हैं। ऐसे में खराब फॉर्म और लगातार हार ने रोहित के लिए राह मुश्किल कर दी। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, संन्यास की घोषणा से एक दिन पहले चयनकर्ताओं ने उन्हें कप्तानी से हटाने का फैसला किया था। यह सिर्फ अटकलें हो सकती हैं लेकिन यह साफ है कि रोहित का यह फैसला पूरी तरह अप्रत्याशित नहीं था।

### रोहित का अनोखा टेस्ट करियर

माइकल एथरटन ने रोहित के टेस्ट करियर को अनोखा बताया। रोहित ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत मध्यक्रम बल्लेबाज के तौर पर की थी, लेकिन लंबे समय तक उन्हें मौके के लिए इंतजार करना पड़ा। बाद में, जब उन्हें ओपनिंग का मौका मिला, तो उन्होंने इस भूमिका को बखूबी निभाया। एक ओपनर के तौर पर रोहित ने 38 टेस्ट में 42.80 की औसत से 2,697 रन बनाए, जिसमें नौ शतक और कई अर्धशतक शामिल हैं। कुल मिलाकर, उनके टेस्ट करियर में 12 शतकों के साथ 40 से थोड़ा ऊपर की औसत रही। यह आंकड़े भले ही उन्हें टेस्ट क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों की श्रेणी में न रखें, लेकिन उनकी प्रतिभा और योगदान को कम नहीं आंक सकते।

एथरटन ने कहा, रोहित का टेस्ट करियर दो हिस्सों में बंटा हुआ है। लोग उन्हें वनडे क्रिकेट के महान ओपनर के तौर पर ज्यादा याद करेंगे, लेकिन टेस्ट में भी उन्होंने अपनी छाप छोड़ी। रोहित की बल्लेबाजी में जो सहजता और आक्रामकता थी, उसने टेस्ट क्रिकेट में भी कई यादगार पल दिए। चाहे वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी धैर्यपूर्ण पारियां हों या इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदानों पर विस्फोटक शतक, रोहित ने हमेशा अपने अंदाज में क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीता।

# भारत-पाक तनाव के बीच आईपीएल 2025 पर ब्रेक के फैसले से सौरव गांगुली सहमत, कहा- ज्यादा दिन नहीं टिकेगा पाकिस्तान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ता तनाव अब क्रिकेट के मैदान तक पहुंच गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए आईपीएल 2025 को एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया। इस फैसले की वजह भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बताए गए हैं। इस बीच, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि यह फैसला खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए जरूरी था।

### बीसीसीआई का सख्त फैसला

शुक्रवार दोपहर बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान जारी कर आईपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से एक हफ्ते के लिए निलंबित करने की घोषणा की। बोर्ड ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। देश में युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं और आईपीएल में भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह फैसला लिया गया। सौरव गांगुली ने हृद्ध से बातचीत में कहा, देश में युद्ध जैसी स्थिति है। बीसीसीबाई को यह फैसला लेना ही पड़ा, क्योंकि इसमें कई भारतीय और विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। उम्मीद है कि आईपीएल जल्द शुरू होगा, क्योंकि टूर्नामेंट का एक अहम पड़ाव नजदीक है। गांगुली ने आगे कहा, खासकर धर्मशाला, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, और जयपुर जैसे आईपीएल के वेन्यू को देखते हुए यह फैसला जरूरी था। बीती रात जो कुछ हुआ, उसके बाद यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया था। समय के साथ हालात बेहतर होंगे और मैच फिर से खेले जाएंगे। बीसीसीबाई आईपीएल को पूरा करेगा, और यह स्थिति जल्द खत्म हो जाएगी, क्योंकि पाकिस्तान ज्यादा समय तक इस दबाव को झेल नहीं पाएगा।

### धर्मशाला में बीच में रुका मैच, दर्शकों को निकाला गया

इस तनाव का असर गुरुवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेले जा रहे पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मुकाबले पर भी पड़ा। पहली पारी के दौरान ही मैच को बीच में रोकना पड़ा। आयोजकों ने तुरंत दर्शकों को स्टेडियम से सुरक्षित बाहर निकाला, जबकि दोनों टीमों को उनके ठिकानों तक सुरक्षित पहुंचाया गया। एचपीसीए के सदस्य संजय शर्मा ने एएनआई को बताया, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते कल पंजाब और दिल्ली के बीच खेला जा रहा मैच सुरक्षा कारणों से बीच में ही रोकना पड़ा। लेकिन हमें पहले से ही ऐसी स्थिति की आशंका थी, इसलिए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन, पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी, और सभी ऑपरेशन स्टाफ प्रशासन के संपर्क में थे। प्रशासन को इसकी पूरी जानकारी थी।

# फर्स्ट नीरज चोपड़ा क्लासिक जेवलिन थ्रो टूर्नामेंट कैंसिल

- **बढ़ते भारत-पाक तनाव को देखकर लिया फैसला, बेंगलुरु में 24 मई को होना था**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 24 मई को होने वाला फर्स्ट नीरज चोपड़ा क्लासिक जेवलिन थ्रो को कैंसिल कर दिया गया है। आयोजकों ने शुक्रवार को देर शाम इसकी जानकारी की। भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा हालात को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। बयान में कहा गया है कि सुरक्षा को देखते हुए इस कदम को उठाया गया है। दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स सहित कई जेवलिन थ्रोअर ले रहे थे भाग बेंगलुरू में होने वाले पहली नीरज




चोपड़ा भाला फेंक प्रतियोगिता में ग्रेनेडा के दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स, रियो 2016 ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले जर्मनी के थॉमस रोहलर, सिल्वर मेडल जीतने वाले और 2015 वर्ल्ड चैंपियन केन्या के जूलियस येगो, और अमेरिका के करंट वर्ल्ड लीडर कर्टिस थॉम्पसन को हिस्सा लेना था। बाद में की जाएगी नई तारीख की घोषणा आयोजकों ने कहा है कि नीरज चोपड़ा क्लासिक की नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी। फिलहाल देश की सुरक्षा प्राथमिकता है और खेल जगत का हर शख्स इस मुश्किल घड़ी में भारत की सेना के साथ खड़ा है। भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए शुक्रवार को एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया था। आइपीएल के फाइनल सहित 16 मैच बचे हुए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने नए तारीख की घोषणा करेगी।

# इंग्लैंड ने आईपीएल के बाकी मैच कराने का ऑफर दिया-भारत-पाकिस्तान में तनाव के कारण लीग एक सप्ताह के लिए टली

### 16 मैच बाकी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड अपने देश में आईपीएल के बाकी बचे हुए मैच होस्ट करने के लिए तैयार है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि अगर उनसे बात करें तो वे आईपीएल की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड के मीडिया हाउस डेली मेल ऑनलाइन के मुताबिक, ईसीबी के चीफ एग्जीक्यूटिव रिचर्ड गोल्ड ने कहा है कि वो आईपीएल होस्ट कराकर बीसीसीआई की मदद करने के लिए तैयार हैं। आईपीएल एक सप्ताह के लिए टला भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े टकराव के कारण बीसीसीआई ने आईपीएल को एक सप्ताह के लिए टाल दिया है। बीसीसीआई ने इसकी जानकारी शुक्रवार को दी। बोर्ड ने कहा कि उसने खिलाड़ियों की चिंता, प्रशंसकों की भावनाओं को ध्यान में रखकर ये फैसला लिया है। आईपीएल का नया शेड्यूल हालात देखते हुए जारी होगा। अभी आईपीएल के 12 लीग मैच और 4 प्लेऑफ के मुकाबले बाकी हैं। टूर्नामेंट का फाइनल 25 मई को होना था। वॉन का बीसीसीआई को सुझाव वहीं, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने बीसीसीआई को सुझाव दिया है कि उनके देश में आईपीएल को पूरा करा लिया जाए।

# आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2 में भारतीय टीम को तीन मेडल

### मेन्स कंपाउंड टीम ने गोल्ड और विमेंस ने सिल्वर जीता, मिक्स्ड में ब्रॉन्ज मेडल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शंघाई में चल रहे आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2 में भारतीय तीरंदाजों ने टीम इवेंट में तीन मेडल जीते हैं। कंपाउंड इवेंट में भारतीय मेन्स टीम ने गोल्ड और विमेंस टीम ने सिल्वर मेडल जीते हैं। वहीं मिक्स्ड इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। मेन्स टीम ने मैक्सिको को हरा कर जीता गोल्ड मेन्स टीम ने कंपाउंड राउंड के फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया।

भारतीय टीम में अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव शामिल थे। भारत ने पहले गेम में 59 अंक बनाकर 2 अंकों की बढ़त हासिल की, जबकि मैक्सिको ने 57 अंक बनाए। दूसरे गेम में मैक्सिको ने 58 अंक बनाकर वापसी की, जबकि भारत ने 56 अंक बनाकर मैच को 115-115 से बराबर कर दिया। तीसरे गेम में भारत ने 58 अंक बनाकर




बढ़त हासिल की, जबकि मैक्सिको ने 57 अंक बनाए, जिससे भारत को 173-172 की मामूली बढ़त मिल गई।

भारतीय तिकड़ी ने अंतिम गेम में शानदार 59 अंक लेकर गोल्ड जीता, जबकि मैक्सिको केवल 56 अंक ही बना सका। विमेंस टीम को फाइनल में मैक्सिको टीम से हार का सामना करना पड़ा वहीं विमेंस टीम को फाइनल में मैक्सिको टीम से 231-234 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही भारतीय टीम को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। भारतीय विमेंस टीम में ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और चिकिथा तानिपार्थी शामिल थी।

# कोहली-रोहित के आउट होने के बाद इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए ऐसी हो सकती है भारत की प्लेइंग इलेवन

### श्रेयस के एंट्री की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है और अब मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम इंडिया के सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली ने भी बीसीसीआई से कह दिया है कि वो क्रिकेट के लंबे प्रारूप से संन्यास लेना चाहते हैं। हालांकि इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है।

वैसे बीसीसीआई की तरफ से कहा गया है कि कोहली अपने फैसले को लेकर फिर से विचार करें क्योंकि इंग्लैंड जैसे अहम दौरे पर उनकी टीम को जरूरत है। कोहली का भविष्य क्या होगा इसका अभी नहीं पता, लेकिन अगर कोहली संन्यास ले लेते हैं तो इंग्लैंड दौरे पर वो खेलते नजर नहीं आएंगे। अब रोहित और कोहली के नहीं होने पर इंग्लैंड के खिलाफ भारत की बेस्ट प्लेइंग इलेवन कुछ ऐसी हो सकती है। यही नहीं रोहित-कोहली के टीम में नहीं होने से कुछ नए चेहरे टीम में देखने को मिल सकते हैं। वैसे रोहित-कोहली एक दशक से भी अधिक समय से भारतीय बल्लेबाजी की जान रहे हैं, लेकिन एक सच ये भी है कि अब उनसे आगे देखने की जरूरत है।

### राहुल-यशस्वी कर सकते हैं ओपन

रोहित-कोहली के बाद भारत के पास सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल और ऋषभ पंत होंगे। कयास लगाया जा रहा है कि चेतेश्वर पुजारा की टीम में वापसी हो सकती है, लेकिन इसकी संभावना कम लगती है क्योंकि वो लंबे अरसे से टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। माना जा रहा है कि साई सुदर्शन के भारतीय टेस्ट टीम



में जगह दी जा सकती है जो पिछले कुछ समय से कमाल की फॉर्म में चल रहे हैं।

अगर कोहली रिटायर होते हैं तो भारतीय चयनकर्ता उन्हें टीम में ला सकते हैं। सुदर्शन आमतौर पर मध्यक्रम में बैटिंग करते हैं, हालांकि वो शीर्ष क्रम पर भी बैटिंग कर सकते हैं।

### साई सुदर्शन चौथे नंबर पर

विराट कोहली अगर इंग्लैंड दौरे पर नहीं जाते हैं तो साई सुदर्शन चौथे नंबर पर बैटिंग कर सकते हैं। भारत के लिए पारी की शुरुआत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल कर सकते हैं। शुभमन गिल तीसरे नंबर पर होंगे। करुण नायर की टीम में वापसी को लेकर काफी चर्चा हो रही है और अगर बीसीसीआई उनके नाम पर विचार करता है तो यह काफी चौंकाने वाला होगा, भले ही उन्होंने घरेलू क्रिकेट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया हो। सरफराज खान की दावेदार हैं, लेकिन छठे नंबर पर श्रेयस अय्यर सेलेक्टर्स की पसंद हो सकते है।

उनकी खेलने की शैली निचले मध्यक्रम में टीम के लिए काफी फायदेमंद हो सकती है। नितीश रेड्डी को टीम में बतौर ऑलराउंडर शामिल किया जा सकता है जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था तो वहीं भारतीय प्लेइंग इलेवन में तेज गेंदबाज के रूप में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह हो सकते हैं। स्पिनर के रूप में टीम में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा दावेदार हो सकते हैं, लेकिन दोनों में से किसी एक को ही अंतिम ग्यारह में मौका मिल सकता है।

### इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन

यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, नितीश रेड्डी, कुलदीप यादव/रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह।

# राजकीय सम्मान के साथ जवान की अंतिम विदाई, दिल्ली में इलाज के दौरान मौत

सतना। मध्य प्रदेश के सतना के अंतर्गत आने वाले जैतवारा थाने में ड्यूटी के दौरान गोली लगने से घायल हुए प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग 11 दिन जिंदगी से जंग लड़ने के बाद आखिरकार हार गए। शुक्रवार को उन्होंने दिल?ली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। शनिवार सुबह 6 बजे उनका पार्थिव शरीर सतना के महदेवा स्थित उनके निवास पर लाया गया, जहां महदेवा मुक्तिधाम में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके चचेरे छोटे भाई कपिल गर्ग ने उन्हें मुखाग्नि दी।



उनकी अंतिम यात्रा में सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार, एसएसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी शिवेश सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक, आरआई देविका सिंह, जिले के तमाम थाना प्रभारियों के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मी और हजारों की तादाद में शहरवासी शामिल हुए। साथी जवानों ने उन्हें कंधा दिया और पुलिस विभाग की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सलामी दी गई। वहीं, उन्हें मुखाग्नि उनके छोटे चचेरे भाई कपिल गर्ग द्वारा दी गई।

प्रिंस गर्ग अपने पीछे पत्नी के साथ साथ 8 साल का एक बेटा और 6 साल की एक बेटी को छोड़ गए हैं। वे अपने माता-पिता अवध बिहारी गर्ग और मालती देवी की इकलौती संतान थे। बेटे की शहादत ने मानों जैसे माता-पिता के बुढ़ापे का सहारा ही छीन लिया। मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया ही हटा दिया। उनकी नाम आंखें, डरी सहमी नजरें और घर में पसरा सन्नाटा हर किसी का दिल चीरने वाला था।

घटना 28-29 अप्रैल की रात की है, जब आरोपी अच्छू शर्मा ने थाना परिसर के बैरक में घुसकर प्रिंस गर्ग को गोली मार दी थी। बदमाश ने इनपर हमला उस समय कियास जब वो भोजन कर रहे थे। गोली कॉलर बोन के नीचे से आर-पार हो गई। पहले जिला अस्पताल सतना, फिर मेडिकल कॉलेज रीवा और अंत में 7 मई को हालत बिगड़ने पर एयरलिफ्ट कर दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल ले जाया गया। लगातार कोशिशों के बावजूद 9 मई को सुबह 8 बजे उनकी मौत हो गई।

## कक्षा 12 में 88, प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही नेत्रिका व्यास

**पन्ना।** गुन्नौर नगर के वार्ड नंबर 7 में निवासरत श्री मति काशीबाई व्यास की नातिन नेत्रिका व्यास के द्वारा मध्य प्रदेश हाई सेकंडरी परीक्षा परिणाम कक्षा 12 में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के साथ साथ सभी विषयों में विशेष योग्यता अर्जित की है। नेत्रिका व्यास श्री विमलसागर दिगम्बर जैन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा है,पढ़ाई में मेहनत तथा विद्यालय के शिक्षकों के अधिक परिश्रम से उन्होंने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस सफलता में उनके माता संगीता व्यास -पिता आशीष व्यास का सराहनीय योगदान है। नेत्रिका व्यास ने बताया कि उन्हें पूर्व से भरोसा था कि विशेष योग्यता प्राप्त होगी क्योंकि उन्होंने इसकी पूर्ण तैयारी की थी। नेत्रिका व्यास के अच्छे परीक्षा परिणाम पर परिवार सहित गणमान्य नागरिकों ,मित्रों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# बरियारपुर नहर का मूल स्वरूप नहीं मिटाया जाए, कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

**पन्ना।** पन्ना जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत 1908 में ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा बरियारपुर बांध बनाया गया था तथा इस समय नहर भी बनाई गई थी पत्थर एवं मिट्टी से पिचिंग कराई गई थी जिससे उक्त नहर में हमेशा पानी रहता था तथा अन्य जल स्रोत भी रिचार्ज होते थे लेकिन अब उक्त नहर का स्वरूप बदला जा रहा है एवं कंक्रीट सीमेंट से नहर बनाई जा रही है जिससे जल स्रोतों का रिचार्ज होना बंद हो जाएगा एवं अन्य लोगों को भी इसका भारी नुकसान होगा क्षेत्र में अन्य जल स्रोत सूख जाएंगे सामाजिक कार्यकर्ता तथा कांग्रेस पार्टी के नेता जयराम यादव ने जिला कलेक्टर को आवेदन देते हुए उक्त मामले पर गंभीरता पूर्वक कार्यवाही करने की मांग की है गौर गौरतलब है कि उक्त नहर उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन है इसके संबंध में प्रशासन को पत्राचार करके यह अनावश्यक कार्यवाही रोके जानी चाहिए श्री यादव ने जिला कलेक्टर से अनुरोध किया है कि उत्तर प्रदेश सरकार से पत्राचार करके समस्या का निराकरण कराया जाए।



## शराब दुकान बंद करने को लेकर फिर किया प्रदर्शन

**पन्ना।** गुनौर तहसील अंतर्गत कस्बा सलेहा में अनुसूचित जाति बस्ती में शराब दुकान खोल दी गई जिसको लेकर मोहल्ला वासियों ने लगातार विरोध किया लेकिन उसके बाद भी प्रशासन तथा आबकारी विभाग द्वारा उक्त दुकान नहीं हटाई गई एवं हटाने का आश्वासन दिया था लगभग एक महा बीत जाने के बाद भी भी दुकान न हटने को लेकर मोहल्ला वासियों मैं फिर से दुकान के आगे धरना देकर प्रदर्शन किया।



## ग्राम पंचायत में मशीनों से चल रहा कार्य, मजदूरों को नहीं मिल रही मजदूरी



**पन्ना।** पन्ना जिले में ग्राम पंचायततो में मनरेगा योजना अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों में व्यापक स्तर पर फर्जी वाडा चल रहा है मजदूरों के स्थान पर जेसीबी मशीन तथा ट्रैक्टरों के माध्यम से निर्माण कार्य चल रहे हैं इसी प्रकार का मामला शाह नगर

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत तिदनी मे मशीनों से निर्माण कार्य किया जा रहे हैं जबकि मजदूर मजदूरी के लिए गांव में बैठे हुए हैं उन्हें कार्य नहीं दिया जा रहा है मनरेगा योजना का उद्देश्य ग्राम के लोगों को ग्राम में ही रोजगार देना है लेकिन सचिव सरपंच उप यंत्री मिलकर फर्जी वाडा कर रहे हैं ग्राम पंचायत में खेर माई के पास बनाए जा रहे तालाब में सरेआम ट्रैक्टर तथा जेसीबी मशीन चल रही है रोजगार सहायक मजदूरों के नाम पर मास्टर में फर्जी हाजिरी डाल रहे हैं लोगों ने बताया कि इस संबंध में लिखित में शिकायत भी की गई लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही।

# बसपा नेता की हत्या के 6 और आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** बसपा नेता शुभम उर्फ शशिकांत पुत्र महेश साहू (26) निवासी महदेवा, थाना सिविल लाइन, की हत्या में शामिल 6 अन्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है, जिनमें रविदत्त पुत्र रामकृपाल गौतम 73 वर्ष, उनका बेटा लक्ष्मीकांत उर्फ साधू गौतम 58 वर्ष, नाती संदीप उर्फ चिंटू गौतम 31 वर्ष, भाई रमाकांत उर्फ मन्नू गौतम 60 वर्ष, उमेश उर्फ दिप्पू पुत्र रमाकांत गौतम 39 वर्ष और प्रमोद उर्फ बौरा पुत्र सुरेश कुमार गौतम 50 वर्ष, सभी निवासी वार्ड-30 महदेवा शामिल हैं।

इससे पूर्व रिंकू उर्फ बॉस पुत्र रवि दत्त गौतम 40 वर्ष, पंकज पुत्र प्रमोद गौतम 23 वर्ष और विपिन उर्फ बीनू पुत्र स्वर्गीय रामनरेश गौतम 40 वर्ष, को हत्याकांड के अगले ही दिन गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया था।



गौरतलब है कि 4 मई की रात को पुरानी रंजिश के चलते मृतक शुभम उर्फ शशिकांत साहू और आरोपी बीनू उर्फ विपिन गौतम के बीच फोन पर जमकर गाली-गलौज हुई, जिसके बाद शुभम अपने दोस्त कैलाश यादव और अंशुल पांडेय के साथ स्कॉर्पियो से बीनू के मोहल्ले में पहुंचकर गाली-गलौज करने लगा, जिसका पंकज गौतम ने विरोध किया तो मृतक ने उसके सिर पर शराब की बोतल से हमला कर दिया।

इसी बीच हल्ला-गुहार सुनकर विपिन और रिंकू लाठी-डंडे लेकर आ धमके और मारपीट करने लगे, जिसकी खबर लगने पर शुभम के पिता समेत परिवार के लोग बचाव के लिए दौड़े तो 8-10 अन्य आरोपियों ने लाठी-डंडे लेकर खदेड़ लिया था। बाद में मारपीट से आई चोटों के चलते हॉस्पिटल में शुभम की मौत हो गई।

घटना के तुरंत बाद 3 आरोपी पकड़ लिए गए, जबकि तफ्तीश और सीसीटीवी व फोन पर रिकार्ड किए गए वीडियो की पड़ताल के बाद 6 आरोपियों के नाम एफआईआर में बढ़ाते हुए उन सभी को गिरफ्तार किया गया है।

## मनमाने दाम पर विक्रय किया जा रहा दूध का विक्रय

**70 तथा सांची दूध 62 रुपया लीटर हो रहा विक्रय, सामग्री के दामों पर नहीं है कोई नियंत्रण**

**पन्ना।** पन्ना जिले में खाद्य सामग्रियों के दामों पर खाद्य विभाग तथा जिला प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है मनमाने दामों पर खाद सामग्री विक्रय की जा रही है जिससे आम जीजन परेशान है लगातार महंगाई की मार से आम जनता परेशान हैं आम जनता को राहत दिलाने के लिए शासन तथा प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है वर्तमान समय में दूध के दाम भी लगातार आसमान छूने जा रहे हैं मन माने दामों पर दुकानदारों द्वारा दूध का विक्रय किया जा रहा है शासकीय एजेंसी सांची दूध डेयरी में 62 रुपया लीटर दूध विक्रय किया जा रहा है वहीं आगरा मोहल्ला में स्थित मुरारी गुप्ता दूध डेरी द्वारा ग्राहकों को?70 लीटर दूध विक्रय किया जा रहा है इस संबंध में खाद एवं औषधि विभाग के अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी भी मूक दर्शक बने हुए हैं जिससे आम जनता लूट रही है। उक्त संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव दीक्षित ने जिला कलेक्टर को आवेदन देकर दाम नियंत्रित करने की मांग की है। इसी स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से कार्यवाही करने की मांग की है।

# घर में सो रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**सतना।** अमदरा थाना क्षेत्र के झुकेही में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिस पर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मुकेश उर्फ मुक्कू पुत्र मनीष श्रीवास 34 वर्ष, गुरुवार रात को बाहर से घर लौटा और खाना खाने के बाद कमरे में जाकर सो गया, लेकिन जब शुक्रवार की सुबह नींद से नहीं जागा तो परिजन उसे उठाने गए, मगर शरीर में कोई हलचल नहीं थी। ऐसे में कस्बे के डॉक्टर को बुलाकर जांच कराई तो उसके मृत होने की बात पता चली। इसी बीच गले के पास खरोंच जैसे निशान भी नजर आए, जिस पर हत्या का संदेह जताते हुए परिजनों ने पुलिस को सूचित कर दिया, लिहाजा टीआई रेनू त्रिपाठी और चौकी प्रभारी संतोष उलाड़ी ने मौके पर जाकर प्रारंभिक जांच-पड़ताल के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। प्राथमिक तौर पर दम घुटने से मौत होने की बात सामने आ रही है।

परिजनों ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि मुकेश की शादी नहीं हुई थी, वह अपनी मां और भाई के साथ रहता था। इन दिनों बहन अपने दो बच्चों के साथ ससुराल से झुकेही आई हुई थी।

गुरुवार की रात को जब वह बाहर से लौटा तो कुछ परेशान दिखा, जिस पर बहन ने बातचीत की तो युवक ने किसी से झगड़ा होने की जानकारी दी, मगर नाम नहीं बताया और फिर खुद ही संबंधित व्यक्ति को देख लेने की बात कहकर सो गया। इसी पहलू को देखते हुए पुलिस झगड़ा करने वाले लोगों की पहचान करने में जुट गई है।

## जिला पंचायत सीईओ ने खेत तालाब योजना के तहत मौके में कराया लेआउट

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने आज पन्ना विकासखण्ड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत रहुनियां का भ्रमण किया। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के संबंध में उपस्थितजनों से चर्चा की। इसके अलावा हितग्राहियों से संवाद कर 20 हितग्राहियों के खेत में खेत तालाब योजना के तहत समक्ष में लेआउट भी कराया। इसके अलावा ग्राम पंचायत रक्सेहा में पूर्व से निर्मित तालाब में अभियान अंतर्गत साफ-सफाई कार्यक्रम में सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणजनों के साथ सहभागिता भी की। जिला पंचायत सीईओ ने जमुनहाई में प्रधानमंत्री आवास योजना के समस्त हितग्राहियों की चौपाल आयोजित कर सौर ऊर्जा सोलर प्लांट लगाने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान बिजली से होने वाली असुविधा और सौर ऊर्जा युक्त ग्राम के लाभ बताए गए। इस कार्यक्रम में भी ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की और सौर प्लांट लगाने की सहमति दी।

# निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**21 मई तक कर सकेगे ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार**

**पन्ना।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निजी स्कूल में नि:शुल्क प्रवेश की प्रक्रिया गत 5 मई से प्रारंभ है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए अपने ग्राम व वार्ड, पड़ोस तथा विस्तारित पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के संबंध में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए समग्र आईडी एवं आधार सत्यापन कर आगामी 21 मई तक ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार कार्य कर सकते हैं। आवेदन उपरांत निर्धारित तिथि एवं सत्यापन केन्द्र पर मूल दस्तावेजों से सत्यापन कराना अनिवार्य है। इसके बाद पात्र आवेदकों को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटन होगा। डीपीसी अजय गुप्ता ने बताया कि आवेदनों के सत्यापन कार्य की प्रक्रिया 7 से 23 मई तक सत्यापन केन्द्र बनाए गए जन शिक्षा केन्द्र में संचालित है। रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा आवेदकों को आगामी 29 मई तक स्कूल आवंटन किया जाएगा। चयनित आवेदकों को इसकी सूचना एसएमएस से भी मिलेगी। 2 से 10 जून तक आवंटित अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिए उपस्थित होकर मोबाइल एप के माध्यम से एडमीशन की रिपोर्टिंग कराना जरूरी है।

## रॉयल पब्लिक हायर सेकंडरी विद्यालय के छात्र-छात्राओं का रहा बेहतर प्रदर्शन

**पन्ना।** पन्ना नगर की गौरवशाली संस्था रॉयल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल स्कूल के छात्राओं द्वारा हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल में बेहतर प्रदर्शन किया है तथा विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 95त्न रहा तथा हाई स्कूल का परिणाम 92त्न रहा है जिन छात्र छात्राओं ने बाजी मारी है उनमें हाई स्कूल कक्षा दसवीं के छात्र शिवमपांडे ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है नमन गुप्ता ने 91.8 प्रतिशतअंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है तथा शिवांश द्विवेदी ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है इसी प्रकार हायर सेकेंडरी कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय में कुमारी पलक गोस्वामी ने 94.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया कुमारी पूर्वी पटेरिया ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है तथा कुमारी प्रिंसी पांडे ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में अंकित साहू 90 प्रतिशत अंक बृजेश दुबे 87.1%प्रतिशत अंक तथा माही शिव हरे एवं अर्चना विश्वकर्मा ने सम्मिलित रूप से 86% प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

# राम वनगमन मार्ग पर ट्रक ने दो कारों को मारी टक्कर, डॉक्टर समेत 2 घायल

सतना

उचेहरा थाना अंतर्गत राम वनगमन मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक एक के बाद एक 2 कारों को टक्कर मारकर भाग निकला। इस हादसे में डॉक्टर समेत दो लोग घायल हो गए, जिनको हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उचेहरा में तैनात डॉ. करुणेन्द्र सिंह परिहार 42 वर्ष, हमेशा की तरह शुक्रवार शाम को ड्यूटी के बाद कार से सतना लौट रहे थे।

तकरीबन साढ़े 7 बजे जब वह करारी नदी पुल के पास पहुंचे, तभी सतना की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी पूरी तरह घूम गई। वहीं इस घटना के बाद भागने की कोशिश में आरोपी ड्राइवर ने ट्रक की रफ्तार बढ़ाते हुए एक सफारी गाड़ी को भी ठोक दिया और मैहर की तरफ भाग निकला।

सफारी में यूपी के चित्रकूट जिला अंतर्गत मानिकपुर निवासी लवकुश द्विवेदी अपनी पत्नी माया द्विवेदी और अन्य परिजनों के साथ कटनी में वैवाहिक कार्यक्रम से वापस घर जा रहे थे। दुर्घटना में माया द्विवेदी को गंभीर चोटें आई हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गई। इसी के साथ दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सडक् मार्ग से हटवाने के प्रयास शुरू किए गए, तो वहीं फरार ट्रक और चालक की धरपकड़ के लिए मैहर, नादन और अमरपाटन पुलिस को अलर्ट किया गया है।

## पिकअप की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**सतना।** ताला थाना अंतर्गत रामगढ़ के पास पिकअप की ठोकर लगने से बाइक सवार की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि गिधुईकला निवासी दीपेश मिश्रा 35 वर्ष, अपनी बाइक से शुक्रवार रात को जा रहे थे। तभी लगभग 9 बजे रामगढ़ के पास भूसा से लोड पिकअप ने सामने से टक्कर मार दी, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए और अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## कक्षा दसवीं हाई स्कूल में कुमारी जोया खान ने किया बेहतर प्रदर्शन, उच्च अंक प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार ने दी बधाई

**पन्ना।** पन्ना जिले के छात्र छात्राओं ने हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी कक्षायो मैं बेहतर प्रदर्शन किए हैं तथा पन्ना जिले का नाम रोशन किया है इसी कड़ी में गुनौर विकासखंड अंतर्गत सलेहा कस्बा के पंडित शिव गोविंद हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा दसवीं में अध्यनरत छात्र। कुमारी जोयाखान पिता शमीम अहमद माता आसमा बानो ने 500 अंकों में 431 अंक प्राप्त तथा जिले एवं विद्यालय में बेहतर परिणाम दिया है जिसको लेकर विद्यालय के प्राचार्य विद्यालय स्टाफ तथा छात्रा के माता-पिता परिवार जनों शुभचिंतको ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पत्रकार कल्याण परिषद का आंचलिक अधिवेशन 11 मई को

**देशभर के प्रमुख पत्रकार आंचलिक अधिवेशन में शामिल होंगे**

**पन्ना।** भारत के पत्रकारों का संगठन पत्रकार कल्याण परिषद का आंचलिक अधिवेशन 11 मई 2025 को अमानगंज के नर्मदा हाईवे ट्रीट कटनी रोड में सायंकाल 4:00 बजे से आयोजित किया जाएगा इस अधिवेशन का आयोजन पत्रकार कल्याण परिषद इकाई अमानगंज द्वारा किया जा रहा है कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजेश वर्मा जी मुख्य अतिथि रहेंगे एवं पुलिस अधीक्षक महोदय श्री साई कृष्णा एस.थोटे कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहेंगे, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा उर्फ डब्बू , श्रीमती मीना राजे अध्यक्ष जिला पंचायत, श्रीमती सारिका शारदा खटीक अध्यक्ष नगर पंचायत अमानगंज ,श्रीमती अर्चना मलखान सिंह अध्यक्ष नगर पंचायत गुनौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय वेदांती त्रिपाठी जी? द्वारा की जाएगी इसके अलावा संगठन के राष्ट्रीय संयोजक एम. नईम खान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीनिवास पाठक, प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा,




प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश घोष, संजय शर्मा संभागीय अध्यक्ष संतोष झा, राजेश जैन सहित देश एवं प्रदेश के ख्याती प्राप्त बुद्धजीवी पत्रकार कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

इस कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी एवं आयोजक जिला अध्यक्ष संजय तिवारी, प्रेम नारायण शर्मा तहसील अध्यक्ष एवं संगठन के सभी ब्लॉकों के पदाधिकारी, तहसील अमानगंज के अन्य पदाधिकारी वरिष्ठ पत्रकार चंपत राय तिवारी पुष्पेंद्र विश्वकर्मा, राजदीप गोस्वामी, प्रदीप अवस्थी, शिवांग बरसैंया, अनिल जैन, बेदराम पांडेय, हरिओम असाटी, परशुराम पटेल, तिलक पटेल आदि पत्रकारो द्वारा पहली बार भव्य एवं विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पत्रकारों पर हो रही प्रताड़ना फर्जी एफआईआर पत्रकार प्रोटेक्शन एक्ट सहित पत्रकारों के हितार्थ कई गंभीर मुद्दों पर मंथन किया जाएगा लिए हम सब मिलकर पत्रकारों के लिए सार्थक पहल करें और और इस अधिवेशन में सार्थक परिणाम प्राप्त हो इस विषय पर बुद्धिजीवियों के उद्बोधन होंगे। इस संबंध में जिला अध्यक्ष संजय तिवारी एवं तहसील अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा ने जिले के समस्त पत्रकारों से आग्रह किया है कि सम्मेलन में पहुंचकर संगठन की आवाज बुलंद करें और पत्रकारों के हितार्थ कुछ सार्थक प्रयास करें।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, रविवार 11 मई 2025 | 8


उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा वार्ड क्रमांक पाँच ढेकहा निवासी समाजसेवी हरिहर प्रसाद मिश्रा की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की। उप मुख्यमंत्री ने उनके घर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधाया।



## पशुपालन से ही खेती लाभ का व्यवसाय बनेगा : उप मुख्यमंत्री

### प्रदेश का दुग्ध उत्पादन 50 लाख लीटर प्रतिदिन होगा : पशुपालन राज्य मंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने होटल विजय विलास में आयोजित प्रांतीय राजपत्रित पशु चिकित्सक संघ के सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि निराश्रित और बीमारी गौवंश की सेवा तथा पुनर्वास वर्तमान समय की बड़ी चुनौती है। सरकार आधुनिक गौशालाओं का निर्माण कराकर निराश्रित गौवंश को आश्रय देने तथा खेती को बचाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश भर में बड़ी संख्या में उन्नत गौशालाओं का निर्माण किया जा रहा है। इनमें हजारों गायों को नया जीवन मिलेगा। इस अभियान में निजी क्षेत्र की भी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। गौमाता की सेवा से ही मानव जाति का कल्याण होगा। अगर गौमाता बेसहारा रही तो मानव जाति का




भविष्य सुरक्षित नहीं होगा। रीवा में बसामन मामा गौवन्य विहार में सात हजार से अधिक निराश्रित गायों को आश्रय दिया गया है। इन गायों की सेवा में पशु चिकित्सक बड़ी तत्परता और लगन से कार्य कर रहे हैं। शीघ्र ही हिनौती में भी आधुनिक गौशाला शुरू होगी जिसमें लगभग 25 हजार गौवंश को रखने का लक्ष्य रखा गया है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालन को आधुनिक और व्यवस्थित बनाना आवश्यक है। पशुपालन को अपनाकर ही किसान खेती को लाभ का व्यवसाय बना सकेंगे। गौवंश को दूध न देने पर बेसहारा छोड़ने की मानसिकता है। गौमाता यदि दूध नहीं दे रही है तो भी उसका गोबर और गौमूत्र बहुमूल्य है। गौमाता में देवताओं का वास माना जाता है। इसलिए गोबर का उपयोग पूजा में भी किया जाता है। आधुनिक गौशालाओं में गोबर से अनेक उपयोगी वस्तुएं बनाने के साथ सीएनजी प्लांट लगाए जा रहे हैं। पशु चिकित्सकों की सराहना करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर तो रोगी से पूछकर उसका इलाज करते हैं। पशु चिकित्सक बेजुबान पशुओं के लिए भगवान की तरह हैं। समारोह में पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री श्री लखन पटेल ने कहा कि पशुपालन विभाग को विभिन्न नवाचारों के माध्यम से आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सदैव पशुपालन विभाग को प्राथमिकता दी है। डेयरी के विकास के लिए बाबा साहब अंबेडकर गौ संवर्धन योजना लागू की गई है। इसमें कम से कम 25 दुधारू पशु की एक यूनिट बनाई गई है। प्रत्येक यूनिट पर पशुपालक को अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना से डेयरी व्यवसाय को नया आयाम मिलेगा। अभी प्रदेश में 10 लाख लीटर दूध का प्रतिदिन संग्रहण होता है।

इसे 50 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। समारोह में पशु चिकित्सा अधिकारियों की विभिन्न मांगों के संबंध में मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मेडिकल के डॉक्टरों की तरह पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी सभी सुविधाएं दी जाएंगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है।

## पुलिस लाइन स्थित दिशा लर्निंग सेन्टर में प्रारंभ हुआ ब्राइटर माइंड्स प्रशिक्षण

**रीवा।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह के नेतृत्व में रीवा पुलिस लाइन स्थित दिशा लर्निंग सेन्टर में बहुत ही सौहार्द पूर्ण माहौल में 26 पुलिस परिवार के बच्चों को ब्राइटर माइंड्स प्रशिक्षण के कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया । सभी बच्चे पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए और ब्राइटर माइंड्स प्रशिक्षण की प्रत्येक गतिविधि में पूरी ऊर्जा एवं सकारात्मकता के साथ शामिल होकर उसे आत्मसात किए। बच्चों के ब्रेन को डेवलप करने का प्रशिक्षण बच्चों को दिया जाता है जिससे बच्चे आंख बंदकर, आँख में पट्टी बाँधकर रंग पहचान सकते हैं, किसी भी दस्तावेज में लिखे हुए अक्षरों को पहचान सकते हैं, बुक रीडिंग कर सकते हैं इस तरह के



चमत्कारिक कार्य बच्चे करने में सक्षम हो जाते।महत्त्वपूर्ण और उल्लेखनीय बात यह रही कि लगभग सभी बच्चों ने कलर पहचाने तथा लगभग 7 से 8 बच्चों ने कार्ड के नंबर भी पढ़कर सही बताए। जो कि प्रथम दिवस के कार्यक्रम में ही एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है। हमारे प्रशिक्षक निरीक्षक हितेन्द्र नाथ शर्मा, निरीक्षक गजेन्द्र धाकड़ और आरक्षक धर्मेन्द्र ने पूरी कुशलता के साथ बच्चों को प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में सूबेदार रीवा दिलीप तिवारी, सूबेदार गीता तिवारी और लाइन स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। पुलिस अधीक्षक महोदय ने प्रशिक्षण की सफलता पर प्रशिक्षकों और पूरी टीम को धन्यवाद दिया है ।

## आदिगुरू शंकराचार्य ने भारतीय समाज को समरस व एक रूप बनाया : स्वामी तुलसीदास

**रीवा।** प्रशासन के सहयोग से जन अभियान परिषद द्वारा पूरे प्रदेश में आदिगुरू शंकराचार्य के जीवन तथा अद्वैत दर्शन पर आधारित कार्यक्रमों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। क्रम में जवा विकासखण्ड के पनवार कुटी आश्रम में आयोजित व्याख्यान माला का शुभारंभ पूज्य संत स्वामी तुलसीदास जी ने किया। इस अवसर पर स्वामी तुलसीदास जी ने कहा कि आदिगुरू शंकराचार्य ने जहाँ एक ओर भारतीय समाज को अद्वैत दर्शन के विचार दिए, वहीं दूसरी ओर उन्होंने एक ईश्वरबाद का सिद्धांत देते हुए समाज को समरस व समानता का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि आदिगुरू ने देश के चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। जिससे हर नागरिक अपने देश व संस्कृति को जान सके व उसे आत्मसात कर सके। आदिगुरू के विचारों और प्रयासों से सनातन धर्म का पुनः उत्थान हुआ। सोये हुए जनमानस में सनातन धर्म के प्राणों का संचार हुआ। आदिगुरू शंकराचार्य ने सनातन धर्म को समाज और देश ही नहीं पूरी दुनिया में प्रतिष्ठा दी। व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ विचारक व समाजसेवी अखिलेश सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने व संगठित करने का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक के कहा कि,जन अभियान परिषद द्वारा पूरे प्रदेश में आदिगुरू शंकराचार्य जी जीवन के कृतित्व व दर्शन पर आधारित व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रम के माध्यम से आदिगुरू के संदेशो से आमजनों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। व्याख्यान कार्यक्रम को कृष्णेन्द्र तिवारी, अमित अवस्थी, नगर पंचायत डभौरा के अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय गुप्ता, ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विकासखंड प्रभारी राजेश अवधिया, धीरेंद्र शुक्ल, नवांकुर संस्था संस्था प्रतिनिधि भूपनारायण मिश्रा, अरुण तिवारी, विनय सिंह, सतेंद्र सिंह, परामर्शदाता सुधा पाण्डेय, हरगोविंद द्विवेदी, रीता सिंह, शिरीष तिवारी, एवम प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी, समाजसेवी व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत में 1326 प्रकरणों का किया गया निराकरण

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते के तहत प्रकरण निराकरण के लिए जिला एवं तहसील न्यायालयों में कुल 43 खंडपीठों का गठन किया गया था। जिसमें प्रीलिटिगेशन के 785 प्रकरणों का निराकरण किया गया और 7058729 की अवार्ड राशि पारित की गई। वहीं 541 लंबित प्रकरणों के निराकरण में 56216878 रूपए की अवार्ड राशि पारित की गई। नेशनल लोक अदालत में इस तरह कुल 1326 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं 33275607 रुपये की अवार्ड राशि पारित की गई।

नेशनल लोक अदालत में दाण्डिक के 150 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार चेक बाउंस के 114, मोटर क्लेम के 148, सिविल के 20, पारिवारिक विवाद के 25, विद्युत संबंधी 119, उपभोक्ता फोरम के दो, श्रम के एक तथा अन्य लंबित 60 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में किया गया। इसी प्रकार विद्युत प्रकरण प्रिलिटिगेशन के 35, बैंक प्रिलिटिगेशन के 203, जल कर प्रिलिटिगेशन के 537 तथा अन्य प्रिलिटिगेशन के 10 प्रकरणों का निराकरण हुआ।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा श्री राकेश मोहन प्रधान ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ए0डी0आर भवन में दीप प्रजज्जवलन कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ



किया। इस अवसर पर लोक अदालत प्रभारी श्री सुरेन्द्र कुमार विशेष न्यायाधीश, श्री समीर कुमार मिश्रा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री अविनाश चंद्र तिवारी प्रधान न्यायाधीश, श्री असरफ अली जिला न्यायाधीश, श्री सुधीर सिंह राठौड जिला न्यायाधीश, श्री संदीप श्रीवास्तव जिला न्यायाधीश, श्री मोहित कुमार जिला न्यायाधीश, श्री आशीष कुमार शुक्ला जिला न्यायाधीश, श्री शरद कुमार गुप्ता जिला न्यायाधीश, श्री अनुज त्यागी जिला न्ययाधीश, श्री सुधीर सिंह ठाकुर जिला न्यायाधीश, श्री वारीन्द्र कुमार तिवारी जिला न्यायाधीश, श्री आशीर्वाद भिलाला जिला न्यायाधीश, श्री शशांक खरे जिला न्यायाधीश, श्री यशपाल सिंह जिला न्यायाधीश, श्री संतोष तिवारी जिला न्यायाधीश, श्रीमती अनु सिंह जिला न्यायाधीश, श्रीमती शिवानी शर्मा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री पन्ना नागेश वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, श्री वरुण शर्मा वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, श्री दयाल सिंह सूर्यवंशी वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, श्री शैलेंद्र रैकवार वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, श्रीमती आरती तिवारी वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, श्री मुकेश कुमार कोरी वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, सुश्री कंचन सैनिक कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, श्री रंजीत भदकरिया प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, श्री अखण्ड प्रताप सिंह एड. श्री देवीशंकर ओझा सचिव अधिवक्ता संघ, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा, डिफेन्स कौन्सिल के श्री सुरेन्द्र सिंह, श्री मंजूर अहमद मंसूरी, श्री आनंद पाण्डेय, श्री अनीश पाण्डेय, श्रीमती आरती तिवारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## हर आपात स्थिति के लिए सजग और तैयार है स्वास्थ्य विभाग

**रीवा**

वर्तमान परिस्थितियों तथा आसन्न कठिनाईयों को देखते हुए रीवा जिले में स्वास्थ्य विभाग हर आपात स्थिति के लिए सजग और पूरी तैयार है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार जिला और विकासखण्ड स्तर पर आपात स्थिति के लिए उपचार की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। जिला स्तर पर रैपिड एक्शन टीम, दवाईयों तथा उपकरणों के साथ 24 घण्टे तैनात है। रीवा शहर की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को स्थाई प्राथमिक उपचार केन्द्र के रूप में निर्धारित कर दिया गया है। सभी बीएमओ तथा अन्य मेडिकल आफीसरों को जिले की आपातकाल रेफरल व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। आपातकालीन उपचार सुविधा के लिए 108 एंबुलेंस तथा सभी जननी सुरक्षा योजना के वाहनों को एलर्ट मोड पर रखा गया है। इनमें चिकित्साकर्मी तथा टेक्नीशियन जीवनरक्षक दवाओं के साथ तैनात कर दिए गए हैं। जो वाहन सुधार योग्य हैं उनमें तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी तरह की आपात सेवा की आवश्यकता होने पर 108 एंबुलेंस पर फोन किया जा सकता है। सेवा प्राप्त होने में किसी भी तरह की कठिनाई होने पर 108 सेवा के नोडल अधिकारी ऋषिराज गौतम के मोबाइल नम्बर 9425608569 पर संपर्क करके वांछित सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि शासन के निर्देशों के अनुसार सभी चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं। सभी चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी अनिवार्य रूप से निर्धारित मुख्यालय में उपस्थित रहें। आवश्यकता होने पर आपातकालीन उपचार सुविधा तत्काल उपलब्ध कराएं।

## उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज विभिन्न बैठकों का आयोजन

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 11 मई को सुबह 9 बजे बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में बैठक लेकर बसामन मामा गौवंश वन्य विहार एवं हिनौती गौधाम में चल रहे निर्माण कार्यों एवं संचालित गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सुबह 10.30 बजे गौ अभ्यारण्य से प्रस्थान कर रीवा आएंगे तथा स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री शाम 5 बजे नवीन सर्किट हाउस रीवा में बहुती, नईगढ़ी एवं हनुमना सहित अन्य नहर परियोजनाओं के कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करेंगे।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विकासखण्डों में करेंगे समीक्षा

**रीवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर विकासखण्डों में आयोजित बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक 11 मई को दोपहर बाद 3 बजे से त्योंथर तथा 12 मई को सुबह 11 बजे से रीवा विकासखण्ड कार्यालय में आयोजित की गई है। इसी तरह 12 मई को दोपहर 3 बजे से विकासखण्ड कार्यालय नईगढ़ी तथा 14 मई को विकासखण्ड कार्यालय मऊगंज में दोपहर बाद 3 बजे से बैठक आरंभ होगी। इन बैठकों में जल गंगा संवर्धन अभियान, मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल व्यवस्था, सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण तथा समग्र ई केवाईसी अपडेशन की समीक्षा की जाएगी। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने चार सचिवों को किया निलंबित

**रीवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने रायपुर कर्चुलियान जनपद पंचायत के चार लापरवाह ग्राम पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। निलंबन अवधि में इन सभी का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय रायपुर रहेगा। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 72 पंचायतों के सचिवों तथा जीआरएस को दिया नोटिस

**रीवा**

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने 9 मई को जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के सभागार में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग की मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल खेत तालाब निर्माण, रिचार्ज पिट बनाने तथा अन्य जल संरक्षण के कार्यों में रूचि न दिखाने पर 72 ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। नोटिस का दो दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि तीन खेत तालाब तथा 10 रिचार्ज पिट बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। जनपद की 72 ग्राम पंचायतों में से समय पर तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति जारी न करके निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है। इससे शासन की उच्च प्राथमिकता में शामिल जल गंगा संवर्धन अभियान की लक्ष्य पूर्ति में बाधा आई है, जिसके कारण नोटिस दिया गया है।

## निपनिया से पुष्पराज नगर तक नदी के दूसरे किनारे रिवर फंट का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा : शुक्ल

### उप मुख्यमंत्री ने रीवा रिवर फंट भाग दो का किया लोकार्पण

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि पचमठा धाम स्थित निषादराज घाट से कोतवाली घाट तक बीहर रिवर फ्रंट के बन जाने से नदी के एक तरफ के रिवर फ्रंट का कार्य पूर्ण हो चुका है। आगामी चरण में निपनिया से पुष्पराज नगर तक नदी के दूसरे किनारे रिवर फ्रंट का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। आने वाले समय में बड़ी पुल के पास एनिकट बनाकर पानी में बाबा घाट से राजघाट तक क्रूज भी चलाया जाएगा। श्री शुक्ल ने फीता काटकर रिवर फ्रंट भाग दो का लोकार्पण किया तथा पैदल ही निषादराज घाट से कोतवाली घाट तक भ्रमण किया।

रीवा के विकास में आज एक कड़ी और जुड़ गई जब उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत बीहर रिवर फ्रंट भाग दो को आमजन के लिए लोकार्पित किया। इससे पूर्व बीहर रिवर फ्रंट भाग एक आमजनों के लिए लोकार्पित किया जा चुका है। पचमठा धाम में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटक व रीवावासी रिवर फ्रंट से कलकल बहती बीहर नदी के अप्रतिम सौन्दर्य को करीब से निहार सकेंगे। रिवर फ्रंट का रखरखाव का दायित्व निर्धारित कर दिया गया है। व्यवस्थित ढंग से इसका रखरखाव हो। उन्होंने कहा कि पचमठा धाम जागृत स्थल है। आदि शंकराचार्य जी के चरण यहाँ पर पड़े थे। इसका वैभव पुनर्स्थापित हुआ है। उपेक्षा पर



आस्था की विजय हुई है। यहाँ होने वाली बीहर आरती का दृश्य अद्भुत होता है। श्री शुक्ल ने कहा कि भगवत कृपा से ही रीवा में विकास के कार्य हो रहे हैं। भगवान के स्थलों के जागृत होने से रीवा लगातार आगे बढ़ रहा है। रीवा में बनने वाली अधोसंरचनाओं व निर्माण कार्यों की देश एवं प्रदेश स्तर पर प्रशंसा हुई है। शहरवासियों का भी दायित्व है कि वह इन संरचनाओं को व्यवस्थित व सुरक्षित रखने में अपना योगदान दें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आपरेशन सिंदूर से भारत ने अपनी ताकत दिखाई है। एकजुटता के साथ भारत आगे बढ़ रहा है। हमारा देश परम वैभव पर पहुंचकर विश्व का नेतृत्व करेगा। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने भगवान भोलेनाथ एवं हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि आदर्श नगर में गौरवपूर्ण जीवन जीने के लिए उस शहर का समन्वित विकास आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री जी के संकल्प से रीवा में आधारभूत संरचनाओं, पार्कों का विकास तथा रिवर फ्रंट की सौगात मिली है। उन्होंने रीवा में स्वच्छ हवा व स्वच्छ पानी के इंतजाम के लिए उप मुख्यमंत्री जी को साधुवाद दिया। इस अवसर पर जिला भाजपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि ऐतिहासिक रिवर फ्रंट रीवा के लिए सौगात है। उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से विन्ध्य में विकास के कार्य किए जा रहे हैं। रीवा के लिए रिवर फ्रंट व ईको पार्क अनूठी मिशाल है। कार्यक्रम में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने कहा कि रिवर फ्रंट का रखरखाव नगर निगम के माध्यम से एजेंसी द्वारा कराया जाएगा। रीवा के सभी अधोसंरचनाओं के रखरखाव में भी नगर निगम अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। उन्होंने बताया कि बाबा घाट में एसटीपी निर्मित हो चुका है। कोतवाली घाट का एसटीपी जून माह के अंत तक निर्मित हो जाएगा। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद अनवर अली मुन्ना ने रीवा के विकास के लिए उप मुख्यमंत्री जी को हृदय से साधुवाद दिया। मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में दीनानाथ वर्मा, हेमलता सिंह, सूरज केवट, सहायक यंत्री हिमांशु वर्मा सहित पार्षदगण, गणमान्य नागरिक व आमजन उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833